आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, शनिवार 25 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष पंचमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-307 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

संसद का शीतकालीन सत्र एक दिन पूर्व ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गया। विपक्ष के हंगामे के कारण इस सत्र का भी 20 प्रतिशत काम प्रभावित हुआ। बहरहाल यह संतोष का विषय है कि संसद में 80 प्रतिशत काम हुआ। 12 विधेयकों में से 9 पारित हुए। अलबत्ता जनहित से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर संसद में सार्थक चर्चा नहीं हो पाई। पता नहीं वो दिन कब आएगा जब संसद में शत-प्रतिशत काम हो पाएगा? इसका एक उपाय है, बशर्ते उसपर अमल किया जाए और माननीयों के लिए भी जितना काम उतना दाम का नियम लागू किया जाए।

सूर्योदय

उदय : 7.10 प्रात:

अस्त : 5:44 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,915,532,069

भारत : 1,400,423,890

बाजार

सेंसेक्स : 57,124.31

निफ्टी : 17,003.75

गोल्ड : 47,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.11 प्रति नग

— दिवस —

मेरी क्रिसमस डे

हर साल 25 दिसंबर को पूरी दुनिया क्रिसमस डे के तौर पर मनाती है। 24 दिसंबर की शाम से इस त्योहार का जश्न शुरू हो जाता है। ईसाई समुदाय के लोग इसे यीशू मसीह के जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं, शुरुआत में ईसाई समुदाय के लोग यीशू यानि ईसा मसीह के जन्मदिन को एक त्योहार के रूप में नहीं मनाते थे, लेकिन, चौथी शताब्दी के आते-आते उनके जन्मदिन को एक त्योहार के तौर पर मनाया जाने लगा।

किसानों को दाम, युवाओं को काम, महिलाओं के सम्मान से गढ़ रहे हैं नवा छत्तीसगढ़ : सीएम

■ मुख्यमंत्री 'स्पीकआउट छत्तीसगढ़-2021' कार्यक्रम में शामिल हुए

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि किसानों को उनकी उपज का अच्छा दाम, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को पूर्ण सम्मान और स्थानीय संस्कृति को नई पहचान देकर तथा आदिवासियों का उत्थान कर हम नवा छत्तीसगढ़ गढ़ रहे हैं। 'ग्राम स्वराज' के स्वप्नद्रष्टा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं वर्षगांठ पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए छत्तीसगढ़ में सुराजी गांव योजना की शुरूआत की गई है। लोगों को आर्थिक रूप से संपन्न बनाने के लिए किसानों की कर्जमाफी, अच्छी कीमत पर फसलों की खरीदी, वनोपजों की खरीदी और उनके मूल्य संवर्धन गके लिए प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना जैसे कई काम किए गए हैं। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर में 'आउटलुक ग्रुप' द्वारा आयोजित 'स्पीकआउट छत्तीसगढ़-2021' को संबोधित करते हुए इस आशय के विचार व्यक्त किए। उन्होंने कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला स्वसहायता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महिलाओं को पूर्ण सम्मान

मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गतिमान बनाए रखने के लिए स्वसहायता समूहों की महिलाएं अच्छा काम कर रही हैं। वे घर के काम-काज निपटाने के साथ ही स्वरोजगार कर परिवार की आय बढ़ा रही हैं। महिला समूहों द्वारा निर्मित अनेक उत्पादों की अच्छी मांग है। गौठानों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन के साथ ही महिलाएं बड़े पैमाने पर वर्मी कंपोस्ट बनाने का काम कर रही हैं। प्रदेश की 70 हजार महिलाएं इस काम में लगी हुई हैं। डीएपी खाद की कमी होने पर गौठानों में निर्मित वर्मी कंपोस्ट और सुपर कंपोस्ट ने इसका अच्छा विकल्प दिया है। बहुत से किसानों ने अपने खेतों में इसका उपयोग किया है। इसने छत्तीसगढ़ को जैविक राज्य बनने की दिशा में अग्रसर किया है।

युवाओं को रोजगार

नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देश पर स्वसहायता समूहों के काम को आगे बढ़ाने के लिए हर जिले में काम हो रहा है। प्रदेश की सभी 169 नगरीय निकायों में साफसफाई के लिए स्वच्छता दीदी अच्छा काम कर रही हैं। यहां के स्वच्छता दीदियों को सर्वाधिक मानदेय मिल रहा है। महिला सशक्तिकरण के लिए छत्तीसगढ़ में अनुकरणीय काम हो रहा है। मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री प्रदीप शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री राकेश चतुर्वेदी, जनसंपर्क विभाग के आयुक्त श्री दीपांशु काबरा और आउटलुक ग्रुप के सीईओ श्री इंद्रनील राय भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

पंचायत चुनाव का शंखनाद

जिला व जनपद और ग्राम पंचायतों में होगा 20 जनवरी को मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायत चुनाव की तरीखों का ऐलान कर दिया है, राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। जारी सूचना के अनुसार प्रदेश के सभी 28 जिलों में पंचायत चुनाव होंगे। प्रदेश के 2 जिलों में आम चुनाव होगा, बाकी जिलों में उपचुनाव कराए जाएंगे। प्रदेश के कोरिया और कोंडागांव जिले में आम चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग आयुक्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

28 दिसंबर से 3 जनवरी तक नामांकन

जारी कार्यक्रम के अनुसार 28 दिसंबर से 3 जनवरी तक नामांकन होगा, 4 जनवरी को स्क्रूटनी, 6 जनवरी तक नाम वापसी होगी। वहीं 20 जनवरी को वोट डाले जाएंगे। 20 जनवरी को ही मतगणना की जाएगी। पंचायत चुनाव में कुल 18 लाख 57 हजार 235 मतदाता हिस्सा लेंगे, जिला पंचायत सदस्य समेत 2075 पदों के लिए चुनाव होंगे। 3 जिला पंचायत सदस्य, 30 जनपद पंचायत सदस्य, 235 सरपंच और 1807 पंच पद के लिए चुनाव होंगे। इसके अलावा यहां सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होंगे, मतपत्र के जरिए चुनाव कराए जाएंगे, गैर दलीय आधार पर चुनाव होंगे। चुनाव वाली जगहों में आज से ही आचार संहिता लागू हो गई है।

हरभजन ने क्रिकेट से लिया संन्यास

- आईपीएल 2022 से पहले की घोषणा
- नए सत्र में कोच या मेंटर बनने के चांस
- अंतिम बार 2016 में भारत के लिए खेले
- यूएई में टी-20 में भारत का प्रतिनिधित्व भी किया
- आईपीएम में स्पिन कोच या गाइड की मिल सकती है जिम्मेदारी

मुंबई, (वार्ता)। दिग्गज भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने दोपहर को अपने यूट्यूब चैनल 'हरभजन टर्बनेटर सिंह' पर संन्यास की घोषणा की और ट्विटर पर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने अपने चैनल पर एक वीडियो संदेश में कहा, मैं आज क्रिकेट के हर प्रारूप (वनडे, टेस्ट, टी-20) से संन्यास ले रहा हूं। जालंधर की तंग गलियों से भारतीय टीम तक का मेरा 23 साल का सफर बहुत खूबसूरत रहा है। जब भी मैं इंडिया की जर्सी पहन कर मैदान में उतरा हूं, शायद मेरी जिंदगी में इससे बड़ी प्रेरणा कोई और नहीं थी, लेकिन कभी न कभी एक मुकाम आता है जब आपको जीवन में कठिन फैसले लेने होते हैं और जिंदगी में आगे बढ़ना होता है। मैं पिछले कुछ सालों से यह घोषणा करना चाह रहा था और इस बात का इंतजार कर रहा था कि मैं आप सभी के साथ इस पल को कब साझा करूंगा। पूर्व स्पिनर ने कहा, जहनी तौर पर मैं हालांकि पहले ही संन्यास ले चुका था, लेकिन घोषणा नहीं कर पाया। वैसे भी पिछले कुछ वक्त से मैं प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल रहा था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अगले सप्ताह लिया जाएगा यूपी में चुनाव टालने पर फैसला

नई दिल्ली/ए.। अगले साल होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव टाले जाएं या नहीं इसको लेकर फैसला अगले सप्ताह के बाद लिया जाएगा। ये जानकारी चुनाव आयोग ने दी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा चुनाव आयोग से आगामी विधानसभा चुनावों को स्थगित करने और चुनावी रैलियों और सभाओं को रोकने का आग्रह करने के एक दिन बाद, मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्र ने कहा कि इस संबंध में अंतिम निर्णय अगले सप्ताह लिया जाएगा।

उत्तर प्रदेश जाएंगे मुख्य चुनाव आयुक्त

बता दें कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में विधानसभा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कानपुर व्यापारी के घर पर छापेमारी में 150 करोड़ से अधिक नकद बरामद

अकूत दौलत, कैश ले जाने मंगाना पड़ा बड़ा कंटेनर

■ पीयूष जैन के घर पर रेड की कार्रवाई जारी

■ कैश ले जाने के लिए मंगाना पड़ा है बड़ा कंटेनर

कानपुर/ए.। कानपुर व्यापारी पीयूष जैन के घर पर छापेमारी के दौरान 150 करोड़ से अधिक नकद बरामद कर ली गई है। अब इतनी बड़ी धनराशि को सुरक्षित ले जाने के लिए जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) के अधिकारियों ने करेंसी नोट लादने वाले कंटेनर का इंतजाम कर लिया है। अब उस कंटेनर में ही सारा कैश ले जाने की तैयारी है।

छापे में इतना कैश मिला की ले जाने कंटेनर बुलाना पड़ा गया

जानकारी के लिए बता दें कि गुरुवार को जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय यानी डीजीजीआई और आयकर विभाग की टीम ने कन्नौज के इत्र कारोबारी पीयूष जैन के घर छापा मारा था। इस दौरान अलमारियों में इतने पैसे मिले थे कि नोट गिनने की मशीनें बुलाई गईं। कुल आठ मशीनों के जरिए पैसे को गिना गया था। अब शुरुआती आंकड़ा 150 करोड़ के आस-पास बताया जा रहा है और इस कैश को सुरक्षित ले जाने के लिए एक बड़े कंटेनर का इंतजाम कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर भी इस रेड की तस्वीरें वायरल हैं। हर तस्वीर में सिर्फ कैश ही कैश दिखाई पड़ रहा है। नोटों की इतनी सारी गड्डियां मिल गई हैं कि बैंक से लोगों को मदद के लिए बुलाना पड़ रहा है।

अखिलेश के करीबी हैं क्या?

पीयूष जैन एक इत्र व्यापारी हैं और कानपुर में उनका काफी नाम माना जाता है। वे सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भी करीबी बताए गए हैं। उन्हीं की तरफ से समाजवादी इत्र भी लॉन्च किया गया था। अब इनकम टैक्स के छापे के दौरान पीयूष जैन के कारोबार को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। बताया गया है कि इनके कन्नौज, कानपुर के साथ मुंबई में भी ऑफिस हैं। इनकम टैक्स को इनकी लगभग चालीस से ज्यादा ऐसी कम्पनियां मिली है, जिनके माध्यम से पीयूष जैन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

करीब चार शताब्दी से बन रहा इत्र

कन्नौज में करीब चार शताब्दी से इत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है। 17वीं शताब्दी से यहां पर लोग इत्र बनाने का कार्य करते आ रहे हैं। कन्नौज में इत्र बनाने वालों की खासियत यह है कि उन्होंने परंपरागत तकनीक को कभी नहीं छोड़ा। तांबे के बड़े-बड़े भवकों में गुलाब, बेला, चमेली, गेंदा और अन्य फूलों का आसवन विधि से सुगंध निकाल कर इत्र तैयार किया जाता है। कन्नौज में इत्र बनाने के करीब 350 से अधिक कारखाना हैं।

गुजरात में दवा निर्माता कम्पनी में ब्वायलर फटा, 4 मरे, कई घायल

वडोदरा (वार्ता)। गुजरात में वडोदरा के मकरपुरा औद्योगिक क्षेत्र में आज एक दवा निर्माता कम्पनी के संयंत्र में ब्वायलर फट जाने से एक महिला समेत कम से कम चार कामगारों की मौत हो गयी तथा दर्जन भर से अधिक अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मकरपुरा जीआइडीसी स्थित दवा कम्पनी केंटन लेबोरेटरिज के ब्वायलर में आज सुबह अचानक विस्फोट के बाद आग लग गयी। विस्फोट इतना प्रचंड था कि इसके असर से आसपास क़रीब आधा से एक किलो मीटर क्षेत्र में इमारतों के कांच टूट गए। फ़ायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच कर आग को क़ाबू में किया। ब्वायलर के निकट ही कामगारों ने रहने के लिए घर बना लिया था। इस हादसे में मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका जतायी गयी है। घायलों और मृतकों में बच्चे भी शामिल बताए गए हैं। ज्ञातव्य है कि मध्य गुजरात के पंचमहाल ज़िले में एक केमिकल कम्पनी में हाल में हुई ऐसी ही एक घटना में सात लोगों की मौत हो गयी थी।

उत्तराखंड कांग्रेस नेताओं पर बरसे राहुल कहा एकजुट होकर पार्टी को जिताना है

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड कांग्रेस में आंतरिक कलह पर सख्त रुख अपनाते हुए प्रदेश कांग्रेस के सभी नेताओं को विधान सभा का आगामी चुनाव पूरी एकता के साथ लड़ने और एकजुट होकर पार्टी को जिताने का सख्त निर्देश दिया है। दिल्ली में कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा कि उत्तराखंड में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के बयान के बाद विवाद चल रहा था जिसे देखते हुए वहां के कांग्रेस नेताओं को श्री गांधी ने शुक्रवार को दिल्ली तलब किया था। श्री गांधी के आवास 12 तुलगक लेन पर उनसे मिलने आये उत्तराखंड के सभी नेताओं से उन्होंने अलग अलग बातचीत की और कहा कि उत्तराखंड में पार्टी को जिताना है और इसके लिए सबको एकजुट होकर काम करना है। उन्होंने उत्तराखंड के कांग्रेस नेताओं से कहा कि चुनाव से पहले किसी भी तरह का अंतर्कलह स्वीकार्य नहीं होगा इसलिए सभी नेता मिलकर पार्टी को जिताने के लिए चुनाव मैदान में उतरें। मुख्यमंत्री कौन होगा इस बारे में बाद में निर्णय लिया जाएगा।

गरमा-गरम

निकाय चुनाव प्रतिक्रिया भाजपा अध्यक्ष ने कहा कांग्रेस का जनाधार हुआ कम, कांग्रेस ने पूछा भाजपा नेता कब देंगे इस्तीफा

निकाय चुनाव के जनादेश पर भाजपा और कांग्रेस में वाकयुद्ध

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के 15 निकायों में हुए आम चुनाव और उप निर्वाचन में कांग्रेस ने बाजी मार ली है। कांग्रेस अब नगर निगमों में महापौर, नगर पालिका व नगर पंचायत में अध्यक्ष के चयन के लिए जोर आजमाइश में लग गई है। इसके लिए निकाय प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई है, जो बैठक में नाम तय करेंगे। इधर मतगणना के बाद भाजपा ने जनादेश को तो स्वीकार कर लिया लेकिन कांग्रेस को मिली जीत को भाजपा ने सत्ता और धन बल का आधार माना है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा है कि नगरीय निकाय के चुनाव परिणाम कांग्रेस मुक्त छत्तीसगढ़ का आगाज़ है, जिसे भाजपा कार्यकर्ता अपने पुरुषार्थ व पराक्रम से आगामी विधानसभा चुनावों में अंज़ाम तक पहुँचाएंगे। विष्णुदेव साय ने कहा कि चुनाव परिणाम बताते हैं कि कांग्रेस के प्रति जन विश्वास में भारी कमी आई है और प्रदेश के मतदाता एक बार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बैलेट पेपर बनी कांग्रेस की तारणहार

बैलेट पेपर के सहारे दशकों तक सत्ता पर क़ाबिज़ रही कांग्रेस ने इसीलिए प्रदेश में अपनी बदनीयती का परिचय देते हुए एक बार फिर बैलेट पेपर के सहारे नगरीय सत्ता पर क़ाबिज भले हो गई है, लेकिन वह इस मुग़ालते में क़तई न रहे कि इस हार से भाजपा कार्यकर्ताओं के मनोबल टूट जाएगा। भाजपा कार्यकर्ता दुगुनी ताक़त से कांग्रेस मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए स्वयं को तत्पर रखेंगे। साय ने कहा कि सत्ता के दबाव, प्रलोभन, मतदान केंद्र में घुसकर और स्ट्रांग रूम में घुसकर, प्रयुक्त मतपत्र की मोबाइल से ली गई फोटो वायरल करने और तमाम हथकंडों के मद्देनज़र भाजपा चुनाव आयोग से कार्रवाई की अपेक्षा रखती है।

गंगा में शव बहाने की बात हुई सही साबित, मुआवजा दे सरकार : कांग्रेस

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के दौरान पीड़ितों के शवों को गंगा में बहाने की बात अब नमामि गंगे परियोजना के प्रमुख भी मान चुके हैं, इसलिए सरकार को पीड़ित परिजनों की आर्थिक मदद कर उन्हें न्याय देना चाहिए। श्री गांधी ने ट्वीट किया, गंगा की लहरों में कोविड मृतकों के दर्द का सत्य बह रहा है जिसे छुपाना संभव नहीं। पीड़ित परिवारों को हर्जाना देना न्याय की तरफ़ पहला कदम होगा।÷ इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की जिसमें कहा गया है कि नमामि गंगे परियोजना के प्रमुख ने भी यह स्वीकार कर लिया है कि दूसरी लहर के दौरान गंगा में बहाई गई थी पीड़ितों की लाशें। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने भी यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार भले ही आंकड़े छिपाती रही हो लेकिन अब नमामि गंगे परियोजना के प्रमुख ने भी स्वीकार कर लिया है कि गंगा में शव बहाए गये थे। उनका कहना था कि सरकार को कोरोना वायरस संक्रमण से लोगों को बचाने के लिए विशेषज्ञों की बात पर ध्यान देना चाहिए।

न्यूज गैलरी

लोक कला सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

कुम्हारी (नव प्रदेश)। बाबा गुरुघासीदास जयंती के पावन अवसर पर लोक मया छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच कुम्हारी द्वारा तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सहयोग से ग्राम अछोटी में किया गया। जिसमें प्रथम दिवस बाबा के विचारों पर संगोष्ठी में मुख्यवक्ता परदेशी राम वर्मा व कल्पना पाटिल एवं हीरालाल मारकण्डे ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में मंगल भजन का आयोजन किया गया जिसमें अंचल के प्रसिद्ध कलाकार अजब बंजारे करेली, पुसउ पंडित ओखरा, डेलीराम भारती लावातरा ने प्रस्तुती दी। तृतिय दिवस में पंथी पार्टी गजाधर बंजारे एवं साथी, ऋषि टण्डन एवं साथी, प्रदीप गेन्द्रे एवं साथी, मनोज टण्डन एवं साथी ने पंथी नृत्य कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केके खेलवार सेव निवृत आईएफएस अधिकारी रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता हेमू साहू सरपंच ग्राम पंचायत अछोटी ने की, वहीं विशेष अतिथि के रूप में परमानंद साहू सरपंच मुरमुदा व मनहरण साहू, समाज सेवक प्यारे रहे। कार्यक्रम में वक्ता एवं अतिथियों ने अपने उद्बोधन में बाबा के विचारों को आज समाज की जरूरत बताया। मानव समाज के कल्याण के लिए जनजन तक बाबा का संदेश पहुंचे एवं आने वाली पीढ़ियां बाबा के उद्देश्य को आत्मसात कर अपने जीवन को सफल बना सके। कार्यक्रम का मंच संचालन राजेन्द्र साहु प्रस्तोता दूरदर्शन ने किया गया।

तर्रा में चल संपत्ति की कुर्की कार्रवाई 27 को

दुर्ग (नव प्रदेश)। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर के निर्देशानुसार अध्यक्ष ग्राम समिति पब्लिक उच्चतर माध्यमिक शाला तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग के पास उपलब्ध चल संपत्ति की कुर्की के कार्यवाही हेतु 27 दिसंबर की तिथि तय की गई है। कुर्क की जाने वाले संपत्ति में आलमारी, कुर्सी, टेबल, बेंच, सोफा, लकड़ी की पेटी, कूलर और सिलिंग फैन शामिल है। इच्छुक व्यक्ति नियत तिथि को दोपहर 12 बजे पब्लिक उच्चतर माध्यमिक शाला तर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग में उपस्थित होकर बोली में सम्मिलित हो सकते हैं।

मॉनीटरिंग समिति की बैठक 29 दिसम्बर को

दुर्ग (नव प्रदेश)। अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 2016 के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनीटरिंग समिति की बैठक 29 दिसम्बर 2021 को समय 12 बजे कलेक्टर सभा कक्ष दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। जिसमें अधिनिय के क्रियान्वयन एवं विभिन्न एजेंडो पर समीक्षा की जाएगी।

कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिले के पाटन विकासखंड में दुर्ग कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पाटन के 10 ग्राम पंचायत महुदा, जमराव,.अमलेश्वर, खुड़मुड़ा, जामगांव (एम), घुघवा, पाहंदा, कोपेडीह, उफरा, खम्हरिया (क) के प्रतिभागियों ने इलेक्ट्रिशियन, प्लम्बर ,हेल्पर ट्रेड में जनपद पंचायत पाटन के सभागार में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण देने के लिए पाटन आईटीआई से इलेक्ट्रिशियन के शिक्षक रेमन एवं प्लम्बर का प्रशिक्षण उज्ज्वल ने प्रदान किया। कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में 10 गांव से 58 प्रतिभागी उपस्थित रहे, सभी प्रतिभागियों को 'जलदूत' बनाकर उनके ग्राम में भेजा गया भविष्य में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अपने ग्राम/पंचायत की बागडोर संभालेंगे। उपस्थित समस्त प्रशिक्षुओं को ट्रेनिंग के पश्चात प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन के सभी कोर्डिनेटर, यूनिसेफ के जिला सहयोगी समेत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपखण्ड के सहायक अभियंता जीएस राऊत व उप अभियंता एमए खान उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने हर्षपूर्ण भागीदारी निभाते हुए भाग लिया।

विधायक और महापौर ने किया श्रमिक कार्ड का वितरण

दुर्ग में श्रमिक शिविर में अब तक 5 हजार पात्रों का बना श्रमिक कार्ड

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम के तत्वावधान में वार्ड वार नि.शुल्क शिविर अभियान श्रमिक कार्ड वार्डो में श्रमिक शिविर का निरन्तर आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में शुक्रवार को विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने पात्र हितग्राहि नेमी यादव, रामा यादव, मणि निर्मलकर, प्रशांत मन्हारे, विनोद जटाव, महेश यादव समेत अन्य को श्रम कार्ड भेंट किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, अनूप चंदनिया, एल्डरमैन राजेश शर्मा, प्रतीक चौहान मौजूद थे। विधायक ने बताया कि लगातर निगम सीमा अंतर्गत वार्डो में श्रमिकों के लिए कार्ड बनाने का कार्य शुरू है, आज कसारिडीह स्कूल, पोटिया स्कूल और वार्ड 47 रायपुर नाका में शिविर लगाया गया। नगर निगम क्षेत्र में लगभग महीना भर के अंदर अब तक 5 हजार श्रमिक कार्ड बनाकर वितरण किया गया है। महापौर ने कहा कि श्रमिक शिविर वार्डो में लगाया जा रहा है पंजीयन के लिए हितग्राही अपना आधार कार्ड, बैंक पास बुक एवं मोबइल नम्बर लेकर शिविर में लेकर आना होगा इस योजना का लाभ अवश्य उठाए। सुरक्षा बीमा योजना हितलाभ-योजना के अंतर्गत मंडल द्वारा वर्ष में एक बार 12 /रुपए प्रीमियम राशि पंजीयन हितग्राही के बैक खाते में स्थानांतरित किया जावेगा।योजना के तहत दुर्घटना में मृत्यु पर 2 लाख, पात्रता इस योजना में 18 से 50 वर्ष आयु समूह के पंजीकृत हितग्राही पात्र होंगे।

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना लाभहित मृत्यु पर 1,00,00 रुपए एवं स्थायी दिव्यांगता पर 50,000 रुपए मंडल द्वारा एक मुश्त भुगतान देय होगा। 18 से 60 आयु वर्ग के पंजीकृत निर्माण श्रमिक योजना के लिए पात्र होंगे इसके अलावा अन्य योजना पंजीकृत परिवारों को लाभ मिलेगा।

महापौर ने कहा कि श्रमिक शिविर वार्डो में लगाया जा रहा है पंजीयन के लिए हितग्राही अपना आधार कार्ड, बैक पास बुक एवं मोबइल नम्बर लेकर शिविर में लेकर आना होगा इस योजना का लाभ अवश्य उठाए। सुरक्षा बीमा योजना हितलाभ-योजना के अंतर्गत मंडल द्वारा वर्ष में एक बार 12 /रुपए प्रीमियम राशि पंजीयन हितग्राही के बैक खाते में स्थानांतरित किया जावेगा।योजना के तहत दुर्घटना में मृत्यु पर 2 लाख, पात्रता इस योजना में 18 से 50 वर्ष आयु समूह के पंजीकृत हितग्राही पात्र होंगे। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना लाभहित मृत्यु पर 1,00,00 रुपए एवं स्थायी दिव्यांगता पर 50,000 रुपए मंडल द्वारा एक मुश्त भुगतान देय होगा। 18 से 60 आयु वर्ग के पंजीकृत निर्माण श्रमिक योजना के लिए पात्र होंगे इसके अलावा अन्य योजना पंजीकृत परिवारों को लाभ मिलेगा।

भाजपा नेताओं ने भूपेश सरकार पर लगाए कई गंभीर आरोप

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीजेपी ने पूरी चुनाव पद्धति और मतगणना पर सवाल उठाए हैं। शुक्रवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता में दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, वैशाली नगर विधायक विद्या रतन भसीन ने भूपेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। सांसद बघेल ने तो यहां तक कह दिया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बड़ा गुंडा बना हुआ है। मुख्यमंत्री अपनी कमियों को इस चुनाव में छिपाने का प्रयास किया हैं। सांसद बघेल ने वार्ड क्रमांक 56 व वार्ड क्रमांक 64 से अचानक हारने वाले प्रत्याशियों को लेकर कहा कि कांग्रेस ने पूरी चलाकी के साथ अपने प्रत्याशियों को जिताया है। सांसद ने कहा जे ललिता वार्ड 56 से आखिरी राउंड तक जीत रही थी अंत में अचानक कांग्रेस के प्रत्याशी साधना सिंह जीत जाती है। इसी प्रकार वार्ड 64 से भाजपा प्रत्याशी उपासना साहू आखर तक जीत रही थी। दो बार रिकाउंटिंग करा कर इस नतीजे को कांग्रेस ने अपने पक्ष में कर लिया। सांसद ने कहा कि रिटर्निंग अफसरों द्वारा बेईमानी की गई है भारतीय जनता पार्टी के कहने के बाद भी कई सीटों पर रिकाउंटिंग नहीं कराई गई और कांग्रेस प्रत्याशियों को विजेता घोषित कर दिया गया। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे ने कहां की इस चुनाव में कांग्रेस ने अत्यंत नग्नता का प्रदर्शन किया है यह लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मतगणना स्थल पर मोबाइल फोन ले जाना प्रतिबंधित था इसके बाद भी कांग्रेस के कई लोग मतगणना स्थल पर मोबाइल के साथ देखे गए। शिकायत के बाद भी इस पर ध्यान नहीं दिया गया। चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बेवजह हिरासत में रखा जबकि कांग्रेस के प्रत्याशियों द्वारा खुलेआम अवैध शराब बंटवाई गई। इस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। पूर्व मंत्री पाण्डेय ने यह भी कहा कि मतगणना के शुरुआती दौर में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लगभग 44 वार्डों पर आगे चल रहे थे। इसकी जानकारी होने के बाद कांग्रेस ने अपनी सत्ता का दुरुपयोग करते हुए खेल करना शुरू कर दिया। मतगणना पूरी होते होते कांग्रेस पार्टी बहुमत तक पहुंच गई। पूर्व मंत्री ने कहा कि सरकार ने मतगणना को प्रभावित करने का प्रयास किया है।

वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। स्थानीय विद्या ज्योति हायर सेकेण्डरी इंग्लिश मीडियम स्कूल द्वारा प्रति वर्ष भॉति इस वर्ष भी क्रीड़ा (खेलकूद) एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर विद्यालय के मैनेजर फादर थॉमस नेरमवेलील एवं विद्यालय के प्राचार्य फादर लीजो मैथ्यू मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि द्वारा दीप प्रज्जवलित कर विद्यालय के चारो ग्रुप हाउस कैप्टन छात्र - छात्राओं के द्वारा लाईट मार्च से किया गया। तत्पश्चात् प्राचार्य द्वारा अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ के साथ प्रतीक चिन्ह एवं शॉल भेंट कर किया तत्पश्चात खेलकूद प्रारंभ हुआ जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ भाग लिया तथा छात्र - छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक नृत्यगान् प्रस्तुत किया गया। अतिथि द्वारा खेलकूद में प्रमुख स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। चारों ग्रुप हाउस में यलो गुप हाउस प्रथम ब्लू हाउस द्वितीय, ग्रीन हाउस तृतीय एवं रेड ग्रुप हाउस चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। ग्रुप में ग्रीन हाउस को अनुशासन का खिताब मिला। कार्यक्रम के अंत में छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में छात्रों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा भी छात्रों को संदेश प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल ध्वज का अवरोहण किया गया। कार्यक्रम में छात्रों के अभिभावकगण व नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। अंत में विद्यालय की शिक्षिका सिस्टर प्रीति द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के लिए आवेदन 5 जनवरी तक आमंत्रित

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना के अंतर्गत आवेदन पत्र आमंत्रित किया जा रहा है। युवा जो स्वरोजगार के लिए इच्छुक है कार्यालय में उपस्थित होकर अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। योजना के अंतर्गत उद्योग क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रुपए, सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख रुपए, व्यवसाय क्षेत्र में अधिकतम 2 लाख रुपए आवेदक द्वारा ऋण के रूप में दिया जा सकता है। सामान्य वर्ग की हितग्राहियों को 10 प्रतिशत पर अधिकतम 1 लाख रूपए तक, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित आवेदकों को 15 प्रतिशत अधिकतम 1.50 लाख रूपए तक एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत अधिकतम 1.50 लाख रूपए अनुदान राशि की पात्रता है। इस योजना के लिए आवेदक की योग्यता राज्य का मूल निवासी न्यूनतम कक्षा 8 वीं आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य (विशेष समुदाय को 5 वर्ष की छूट), परिवार की वार्षिक आय अधिकतम 3 लाख सुनिश्चित कि गई है।

धमधा में ''हर घर दस्तक'' के तहत 7285 लोगों का हुआ टीकाकरण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। कोवि 19 टीकाकरण त्यौहार हर घर दस्तक अभियान के तहत कोविड-19 महामारी प्रभाव से बचाने के लिए हर घर टीकाकरण सत्र के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमधा बृजेश सिंह क्षत्रिय के मार्गदर्शन में खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र धमधा में आज ''घर-घर दस्तक अभियान'' के तहत टीकाकरण त्यौहार मनाया गया, इस हेतु विकासखण्ड को 09 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, 09 सेक्टरों में 100 टीकाकरण दल बनाकर घर-घर दस्तक देकर प्रथम एवं द्वितीय डोज वाले हितग्राहियों को लाभांवित किया गया। टीका त्यौहार के तहत गर्भवती माताओं एवं शिशुवती मातायें, बुजुर्ग हितग्राहियों को विशेष महत्व दिया गया, जिससे इनको कोविड से सुरक्षित रखा जा सके। टीका त्यौहार का मुख्य उददेश्य आम जनता को ओमीक्रॉन की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए प्रथम डोज एवं द्वितीय डोज से टीकाकृत करना था, जिससे कि जन समान्य को सुरक्षित रखा जा सके। टीका तिहार हर घर दस्तक त्यौहार की सराहना करते हुए प्रदेश स्तरीय टीम जिसमें जिला टीकाकरण पदाधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे रणधीर कुमार जेएसआई छत्तीसगढ़ एवं यूनीसेफ के निशा सोनी के द्वारा पूरे कार्यक्रम को अनुश्रवण किया गया। हर घर दस्तक टीका त्यौहार के तहत विकासखण्ड धमधा में प्रथम डोज 2105 द्वितीय डोज 5180 जिसमें गर्भवती माता, शिशुवती माता को टीका लगाकर लाभांवित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, प्रकाश मेश्राम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, और विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी का सहयोग प्राप्त हुआ।

सड़क दुर्घटना में मृत एवं घायल के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

दुर्ग (नव प्रदेश)। सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर मृतक अथवा घायल के परिजनों के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। विदित हो कि प्यारीलाल देवांगन की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर 25 हजार रुपये परिजन को और घायल रानी साहू और सुमित कुरकर को क्रमशः 10-10 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। सड़क दुर्घटना में मृत परिवार को आर्थिक सहायता दिए जाने की अनुशंसा की गई थी। जिसे सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मृतक अथवा घायल के परिवारजनों के लिए स्वीकृत की गई।

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112100900084/202112100900084
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

मोतीपुर प.ह.न. 00008
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / सुरेन्द्र अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम मोतीपुर प.ह.न 8 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सुरेन्द्र पिता स्व. रामअवतार साहू निवासी ग्राम मोतीपुर तह. पाटन द्वारा ग्राम मोतीपुर ह.नं.-8 तह. पाटन स्थिति भूमि पुराना खसरा नं. 286/2 का टु. रकबा 0.56 हे. का संशोधन पंजीक्रमांक 498 दिनांक 13/05/1972 किया जाना परन्तु अपने पिता राम अवतार द्वारा जानकारी के आभाव में नामांतरण नहीं करा पाने व बंदोबस्त पश्चात नया खसरा नं. 782 रकबा 0.10 हे. दर्ज होने से पंजीकृत बैनामा दिनांक 12/02/1971 से क्रय आधार पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः कि आवेदक सुरेन्द्र पिता स्व. रामअवतार साह द्वारा पंजीकृत बैनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 31.12.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.12.2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112100900083/202112100900083
विषयः अ-27 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

खुडमुड़ा प.ह.न. 00005
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / फेकुराम अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम खुडमुड़ा प.ह.न 5 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण फेकुराम साहू पिता स्व. गांधी अन्य 2 निवासी ग्राम खुडमुड़ा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम खुडमुड़ा ह.नं.-5 तह. पाटन स्थिति संयुक्त खाते की भूमि खसरा नं. 197/1, 214/3 रकबा 0.0634, 0.14 हे. कुल रकबा 0.02034 हे. भूमि का कास्त कब्जा के आधार पर आवेदकगण बराबर बराबर भागों में खाता विभाजन किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः कि आवेदकगण फेकुराम साहू पिता स्व. गांधी अन्य 2 द्वारा खाता विभाजन से उपरोक्त दर्शित भूमि खाता विभाजन किए जाने कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 31.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.12.2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112100900082/202112100900082
विषयः अ-27 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

खुडमुड़ा प.ह.न. 00005 (553 (0.0100हे.))
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - / फेकुराम साहू अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम खुडमुड़ा प.ह.न 5 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण फेकुराम साहू पिता स्व. गांधी अन्य 6 निवासी ग्राम खुडमुड़ा तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम खुडमुड़ा ह.नं.-5 तह. पाटन स्थिति संयुक्त खाते की भूमि खसरा नं. 193/1, 553, 743, 740 रकबा 0.27, 0.01, 0.14, 0.22 हे. कुल रकबा 0.6465 हे. भूमि का कास्त कब्जा के आधार पर आवेदकगण बराबर बराबर भागों में खाता विभाजन किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः कि आवेदकगण फेकुराम साहू पिता स्व. गांधी अन्य 6 द्वारा खाता विभाजन से उपरोक्त दर्शित भूमि खाता विभाजन किए जाने कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 31.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.12.2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं नीलू साहू (NEELU SAHU) पति बी.एल साहू (B.L.SAHU) उम्र 47 वर्ष निवासी प्लाट नं-11 गयानगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. पिन कोड-490006। मेरे नाम से जारी किया गया पासपोर्ट में मेरा नाम साहू नीलू अइमलेश्वर (SAHU NEELU AIMLESHWAR) पिता साहू हिमेश्वर बोधनाल (SAHU HIMLESHWAR BODHANLAL) दर्ज किया गया है। मेरे नाम से जारी किया गया मेरे समस्त शालेय रिकार्ड में मेरा नाम नीलू साहू (NEELU SAHU) पति बी.एल साहू (B.L.SAHU) दर्ज किया गया है। मेरा नाम नीलू साहू (NEELU SAHU) पति बी.एल साहू (B.L.SAHU) एवं साह नीलू अइमलेश्वर (SAHU NEELU AIMLESHWAR) पिता साहू हिमेश्वर बोधनाल (SAHU HIMLESHWAR BODHANLAL) है जो कि दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता का ही नाम है। यह शपथपत्र मेरे द्वारा दी गई संपूर्ण बातों की सत्यता के प्रमाण में माननीय सक्षम अधिकारी के समक्ष मेरा सही व मान्य नाम नीलू साहू (NEELU SAHU) पति बी.एल साहू (B.L.SAHU) उम्र 47 वर्ष निवासी प्लाट नं-11 गयानगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. पिन कोड- 490006 होने के सत्यता के प्रमाण में यह शपथ पत्र श्रीमान के समक्ष सादर पेश है।

मुहर — शपथकर्ती
नीलू साहू

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-//अ-20(3)/ वर्ष 2021 -22

आवेदक पियुष कुमार जैन आ. राज कुमार जैन निवासी मैथिलपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थिति नजूल भूमि शीट क्रमांक 29 सी भूखण्ड क्रमांक 294/3 क्षेत्रफल 68 वर्गमीटर भूमिधारक कंचन देवी पति सुगनचंद के नाम पर पट्टा जारी है। धारक की मृत्यु दिनांक 11/04/2018 को हो चुकी है। मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक धारक द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 19/06/2014 को उक्त भूखण्ड का पंजीकृत वसीयतनामा अपने पौत्र आवेदक पियुष कुमार के पक्ष में निष्पादित की है। आवेदिक द्वारा उक्त पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर प्रश्नाधीन नजूल भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 07/01/22 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या जिस भूखण्ड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावें। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल अधिकारी
दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं टूनटून पाण्डेय पिता श्री राघव ठाकुर उम्र 29 वर्ष पता वार्ड नं. 15 हाउसिंग बोर्ड भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का हूं। मैं श्री शंकराचार्य हास्पिटल जुनवानी भिलाई तह. व जिला दुर्ग छ.ग. में नौकरी करता हूं। मेंरा नाम टूनटून पाण्डेय है जो कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम है एवं मेरा घरेलू नाम कमलेश द्विवेदी है तथा मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम टूनटून कुमार दर्ज है। मेरी पुत्री प्रिया के अुकसूचि एवं शालेय अभिलेखों में मेरा नाम कमलेश द्विवेदी दर्ज है। मैं अपने पुत्री के समस्त अभिलेखों में अपना नाम कमलेश द्विवेदी के स्थान पर टूनटून पाण्डेय कराना चाहता हूं तथा अपने समस्त अभिलेखों में भी अपना नाम टूनटून कुमार एवं कमलेश द्विवेदी के स्थान पर टूनटून पाण्डेय कराना चाहता हूं। जिसके लिए मैं राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूं। तथा भविष्य में यही नाम विधि अनुसार लिखा जावें। जिसके बाबत सारी विधिक कार्यवाही मेंरे द्वारा पूर्ण हो गई है। मेरे द्वारा दिए गए सभी दस्तावेजों के आधार पर सरकारी गजट में प्रकाशन किया जावें। जिसके आधार पर मैं सभी दस्तावेजों में अपना नाम सुधरवा सकूं। अत: आज दिनांक के पश्चात से मुझे टूनटून पाण्डेय पिता श्री राघव ठाकुर के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावें।

मुहर — शपथकर्ता
टूनटून पाण्डेय

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. नासीर अहमद पिता काजी अब्दुल गफ्फार अहमद निवासी ग्राम सुभाष नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/292 रकबा 0.029 हे. भूमि को विक्रेता रियाजुद्दीन पिता नजरूद्दीन निवासी ग्राम कालीबाड़ी रायपुर से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक अश्वनी कुमार वर्मा पिता ऋषि कुमार वर्मा निवासी टाईप-2 डीएस 337 वार्ड नं. 16 महात्मा गांधी नगर दंतेवाड़ा (छ.ग.) मौजा सिकोला प.ह.नं. 7 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 28/98 रकबा 0.018 हे. पूर्णिमा वर्मा पति श्री ऋषि कुमार वर्मा के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी दिनांक 17/06/2019 की मृत्यु हो जाने के कारण वारिसानों का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 07.01.2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अति. तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112100700204//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्रीराम साहू पिता स्व. बहादुर साहू निवासी ग्राम नयापारा तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम दुर्ग तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं. 40/5 रकबा 0.0290 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार शंकर लाल साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112101200071//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक युगेश्वर देशमुख पिता/पति हरख राम निवासी तिरगा मौजा तिरगा प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. अंजोरा ख तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं 470/3, 470/7 रकबा 0.20, 0.12 हे. भूमि को विक्रेता/ आममुख्तयार रंजना पति स्व. नोहर सिंह से दिनांक 15/12/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रविश कुमार साहू पिता एस.आर.साहू निवासी ग्राम न्यू आदर्श नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 201/5 रकबा 0.0220 हे. भूमि को विक्रेता बी.एल.यदु पिता हिरदे राम यदु निवासी ग्राम ...... से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 10/12/2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400062

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कृष्णा सातपुते आ. मानक्याजी निवासीर सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1046/2 रकबा 0.015 हें/ 1647 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- 202107100700277//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सुशीला साहू पति स्व. नवीन कुमार साहू अन्य-2 निवासी ग्राम नेहरू नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 709/1, 718/2, 718/7, 708/3 रकबा 0.0120, 0.0300, 0.0300, 0.008 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार नवीन कुमार साहू की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 24.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र- 202107100700277//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक निर्णय राय पिता स्व. अमृत राय निवासी ग्राम प्रगति नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 356/26 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार अमृत लाल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका क्रेता श्रीमती कालिता बाई सोनेकर ध.प. स्व. गणपत सोनेकर जाति मोची निवासी मकान नं. 557 मोहन नगर वार्ड नं. 12 नया आमापारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा ग्राम धनोरा प.ह.न 39 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 764/5 रकबा 0.200 हे. (1750 वर्गफीट) लगान 1441/-रू परिवर्तित भूमि विक्रेता महेन्द्र कुमार सोनटेके पिता स्व. डोमाजी सोनटेके जाति महार निवासी कोसानगर भिलाई तह.व जिला दुर्ग छ.ग. से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 25/11/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 30.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

बीरगांव में बनेगा कांग्रेस का महापौर, 2 पार्षदों ने किया कांग्रेस प्रवेश

रायपुर/नवप्रदेश। बीरगांव नगर निगम चुनाव में किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के कारण महापौर बनाने में पेंच सामने आई थी। लेकिन मतगणना के ठीक दूसरे दिन ही नवनिर्वाचित दो महिला निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस का दामन थाम लिया। अब कांग्रेस को बीरगांव में महापौर बनाने में कोई नहीं रोक सकता।

नवनिर्वाचित दो निर्दलीय प्रत्यशियों ने कांग्रेस के प्रति आस्था जताते हुए पार्टी प्रवेश किया। गुरु घासीदास वार्ड नंबर1 की नवनिर्वाचित पार्षद शकुंतला धन्नू बांदे और ठाकुर प्यारेलाल वार्ड क्रमांक 11 से नवनिर्वाचित पार्षद सुशीला मार्कण्डे ने रायपुर ग्रामीण

के विधायक सत्यनारायण शर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा के सानिध्य में कांग्रेस प्रवेश किया। निर्दलीय पार्षदों ने कांग्रेस प्रवेश के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति निष्ठा जताई है। उन्होंने कहा कि वे भूपेश सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि बीरगांव नगर निगम में 40 वार्डों में चुनाव हुआ। जिसमे कांग्रेस को 19, भाजपा को 10, जेसीसी(जे) को 6 और निर्दलीय प्रत्याशी 5 वार्डों में जीत हासिल किया। आंकड़े के मुताबिक किसी भी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने के कारण महापौर बनाने के लिए निर्दलीय पार्षदों का साथ लेने की जरुरत पड़ी। 40 सीट वाले बीरगांव में महापौर के लिए 21 पार्षदों की आवश्यकता है।

कांग्रेस 19 नवनिर्वाचित पार्षदों सबसे बड़े दल के रूप में उभरा। कांग्रेस को महापौर बनाने के लिए महज 2 निर्दलीयों के साथ की जरुरत थी। बीरगांव में नगर निगम में अब दो निर्दलीय पार्षद के शामिल होने के बाद अब कांग्रेस का 21 वार्ड पर कब्जा हो गया। अब 2 नवनिर्वाचित निर्दलीय पार्षद के कांग्रेस प्रवेश के बाद सारे रास्ते खुल गए हैं।

चुनाव बीजेपी का फूल बिखरा- सीएम भूपेश

इधर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में निकाय चुनाव के नतीजों को लेकर कहा कि सभी जगहों पर कांग्रेस स्थानीय सरकार बनाएगी। सीएम भूपेश बघेल ने बीजेपी पर तंज कसते हुए कहा कि बीजेपी का फूल कांग्रेस के सामने बिखर गया। आने वाले समय में संगठन और शासन के तालमेल से और अच्छा करेंगे। बीजेपी दूर-दूर तक टिक नहीं पायेगी,केवल मुंगेरी लाल के हैसन सपने देखते ही रह जाएगी। भूपेश ने कहा कि प्रदेश की जनता ने सरकार के कामों पर विश्वास जताया है और इसका नतीजा निकाय चुनाव में साफ़ दिखाई दिया हैं। नगर निगमों में महापौर, नगर पालिका व नगर पंचायत में अध्यक्ष के चयन पर सीएम ने कहा कि जिन्हें निकाय का प्रभारी बनाया गया है, वे बैठक में नाम तय करेंगे।

खेल विभाग में होगी प्रशिक्षकों की संविदा नियुक्ति

रायपुर। छत्तीसगढ़ के संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा मैदानी कार्यालयों एवं खेल अकादमियों के लिए संविदा आधार पर प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। कुल 13 खेलों के लिए जारी विज्ञापन में अलग-अलग खेलों के लिए अलग-अलग पात्रता निर्धारित की गई है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इसके अलावा संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर की नोटिस बोर्ड पर भी जानकारी चस्पा की गई है।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध की शिकायत के बाद सटोरिया गिरफ्तार

रायपुर। राष्ट्रीय प्रवक्ता युवा कांग्रेस सुबोध हरितवाल की शिकायत के बाद पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए सरस्वती नगर के महंत तालाब के पास बसंत बघेल और कैलाश सारथी को सट्टा-पट्टी लिखते पकड़ा। दोनों आरोपियों के पास से 6001 रुपए जब्त कर अपराध क्रमांक 205/21 धारा 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मझगांव सूक्ष्म सिंचाई योजना के लिए 2.78 करोड़ की स्वीकृत

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग मंत्रालय द्वारा गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के मझगांव (केंदाडांड) सूक्ष्म सिंचाई योजना हेतु 2 करोड़ 78 लाख 3 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मुख्य अभियंता हसदेव कछार बिलासपुर को प्रदान की गई है। इस योजना से ड्रिप पद्धति से रबी एवं खरीफसीजन में कुल 110 हेक्टेयर में सिंचाई की जा सकेगी।

प्राकृतिक आपदा के पांच प्रकरणों में 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से आर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की जाती है। ऐसे ही पांच मामलों में 20 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

धान परिवहन के लिए रेलवे ने किए विशेष इंतजाम

मुख्य सचिव ने दिए सभी कलेक्टरों को सुविधाओं का उपयोग करने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान की कस्टम मिलिंग के लिए राज्य सरकार ने विशेष व्यवस्था की है। इसके फ्लस्वरूप केन्द्रीय पुल में लगभग डेढ़ लाख मीट्रिक टन चावल जमा कराया जा चुका है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा केन्द्रीय पुल में जमा कराए गए चावल को तेजी से परिवहन के लिए भी भारतीय रेल से समन्वय कर इंतजाम किए गए हैं।

लाभ उठाने के निर्देश

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने राज्य के सभी कलेक्टरों को भारतीय रेल द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्यान्नों के परिवहन के लिए 31 दिसम्बर तक दी जा रही सुविधाओं का लाभ उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि भारतीय रेल के गुड्स शैड और टर्मिनल में खाद्यान्नों के परिवहन के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाया जा सकता है, जिससे कि कस्टम मिलिंग कर भारतीय खाद्य निगम में जमा कराए गए चावल का तेजी से परिवहन हो सके।

मीलिंग में आएगी तेजी

मुख्य सचिव ने कलेक्टरों से कहा है कि भारतीय रेल द्वारा दी जा रही सुविधाओं से कस्टम मिलिंग में तेजी आएगी, वहीं राज्य सरकार को केन्द्रीय पुल में चावल जमा करने में सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि भारतीय रेल द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्यान्न के परिवहन को 31 दिसम्बर तक की अवधि के लिए उच्च प्राथमिकता दी गई है।

61 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने के लक्ष्य

उल्लेखनीय है कि केन्द्रीय पुल में लगभग 61 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने के लक्ष्य के अनुरूप छत्तीसगढ़ में तेजी से कस्टम मिलिंग का काम चल रहा है। राज्य सरकार द्वारा कस्टम मिलिंग की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए राईस मिलरों को कस्टम मिलिंग की प्रोत्साहन राशि 40 से बढ़ाकर 120 रूपए प्रति क्विंटल की गई है। इसके साथ ही मिलरों को संग्रहण केन्द्रों के साथ-साथ धान खरीदी केन्द्रों से ही धान का उठाव करने के निर्देश दिए गए हैं।

तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर में एमआईसी सदस्य जोगी ने सुनी लोगों की समस्याएं

रायपुर। आज नगर पालिक निगम रायपुर के अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अध्यक्ष सुन्दर लाल जोगी ने नगर निगम रायपुर के दानवीर भामाशाह वार्ड नम्बर 26 के पहाड़ीपारा झाडू होटल के पास तुंहर पार्षद तुंहर दुवारी शिविर लगाकर सफ ाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, निराश्रित पेंशन, राशन कार्ड, परिवार सहायता से सम्बंधित जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं सम्बंधित निगम अधिकारियों को वार्डवासियों की समस्याओं का शीघ्र नियमानुकूल निदान जनहित में प्राथमिकता से करवाना सुनिश्चित करने निर्देशित किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य जोगी ने वार्ड के निवासियों को नए राशन कार्ड वितरित किये, राशन कार्ड में नाम जोड़ने, काटने की कार्यवाही हेतु आवेदन जमा करवाये, निराश्रित पेंशन एवं परिवार सहायता योजना से सम्बंधित आवेदन जमा करवाये. पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जोगी ने शिविर में लोगों से जनसमस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं उनका यथासंभव निदान करवाने के प्रति वार्डवासियों को आश्वास्त किया।

कलिंगा विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक क्रिसमस एवं नववर्ष महोत्सव

रायपुर। कलिंगा विश्वविद्यालय सर्वधर्म सम्मान की भावना से प्रेरित है। जहां पर प्रत्येक धर्म के प्रमुख त्योहारों को धूमधाम से मनाया जाता है। इसी क्रम में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 23 दिसम्बर 2021 को विश्वविद्यालय परिवार के द्वारा वार्षिक क्रिसमस एवं नववर्ष महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर ईसा मसीह के जीवन पर प्रकाश डालने के उपरांत विश्वविद्यालय छात्रावास के छात्र- छात्राओं ने गीत-संगीत और डांस के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस भव्य क्रिसमस एवं नववर्ष महोत्सव में सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर ने अपने संबोधन में सभी को क्रिसमस एवं नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए प्रभु यीशु के जीवन सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि- वर्तमान समय में प्रभु यीशु की दया और मानवता के संदेश को अपनाने की हमें अत्यधिक आवश्यकता है।

नए दृष्टिकोण वाले त्रिदिवसीय शिविर का आयोजन 26 से

रायपुर। संत आलय के मार्गदर्शन में नए दृष्टिकोण वाले शिविर का आयोजन शिकायत नहीं समझ के नारे के साथ 26, 27 एवं 28 दिसंबर को बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर रायपुर में सुबह 6.30 बजे से 8.30 बजे के मध्य आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी प्रेसक्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में ग्वालियर निवासी पूर्ण एवं मां तारिणी ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में संयुक्त रूप से दोनों ने बताया कि भागमभाग भरे जीवन में हम सिर्फ दौड़ रहे हैं। आयु के गुणा भाग पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि आयु का आधा हिस्सा 12 घंटे का रात्रि में गुजर जाता है। बचे 12 घंटे में घर परिवार रोजगार के बाद समाज और अपने लिए जीने के लिए हमारे पास बहुत कम समय बचता है। नए दृष्टिकोण शिविर का मूल उद्देश्य शाकाहारी प्रोटिनयुक्त भोजन के साथ ही बीमारियों को शरीर से न केवल भगाना है अपितु अंग्रेजी दवाओं से परहेज भी करना है। केवल जीवन की आवश्यकताएं ही पूरा करना मानव जीवन का उद्देश्य नहीं है, वरन अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान समाज को देना भी हमारा कर्तव्य है। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण संगीत के माध्यम से शरीर में व्याप्त शुगर, बीपी, थाईराइड, अस्थमा, ऑर्थराईटिस, माइग्रेन, हृदय रोग, डिप्रेशन आदि बीमारियों से हजारों मरीज स्वस्थ्य हुए हैं। इंदौर निवासिनी मां तारिणी का परिचय देते हुए पूर्ण ने बताया कि वे विशेषज्ञ चिकित्सक रहीं हैं। इसके बावजूद भी उन्होंने मरीजों को ठीक करने के लिए उक्त पद्धति का सहारा लिया है। प्रेसक्लब में वार्ता के दौरान उन्होंने सदस्यों को आंखें बंद कर स्वयं को खोजने के लिए प्रेरित किया साथ ही नृत्य के जरिए जीवन में आनंद में कैसे खोजा जाता है।

गोबर से गमले गौ काष्ठ और अब तो बिजली भी बना रहीं हैं समूह

रायपुर। गायों के लिए हमारे छत्तीसगढ़ की बहनों ने काम किया। जहां गौठान समूह के माध्यम से गोबर ख़रीदी से लेकर वर्मी कम्पोस्ट से लेकर अन्य उत्पाद बना रही हैं। आज डीएपी नहीं मिल पा रहा है, ऐसे में उसकी पूर्ति वर्मी कम्पोस्ट के माध्यम से की जा सकती है. मुझे लगता है भविष्य में छत्तीसगढ़ ऑर्गेनिक स्टेट घोषित हो सकता है। हम गोबर से बिजली उत्पादन की ओर आगे बढ़ रहे हैं. बड़े उद्योगपतियों की बराबरी हमारे प्रदेश की महिलाएं कर रही हैं, जो बिजली उत्पादन जैसे काम कर रही है।

अब गोबर केवल लीपने के ही काम नहीं आएगा

पहले पत्रकार सिर्फ नक्सली के बारे में सवाल करते थे अब वे इस पर सवाल नहीं करते, देख लीजिए 3 साल में कितना परिवर्तन आया है। कितना भी आप इटेलियन टाइल्स लगवा ले घर पर जब पूजा होता है तो गोबर से लीपकर पूजा किया जाता है। अब गोबर केवल लीपने के ही काम नहीं आएगा, अब पेंट के रूप में भी उपयोग किया जाएगा, हमने स्र्ह्र भी कर लिया है। लघु वनोपज का वैल्यू एडिशन कर रहे, वहाँ के युवाओं को बेटियों को रोजगार दे रहे। आप बस्तर में डेनेक्स देख लीजिए। गोबर पारम्परिक रूप से लिखने के काम आता था. अब भी विशेष अवसरों पर गोबर से लिपाई का महत्व है, लेकिन अब गोबर सिर्फ़ लिपने के काम नहीं आएगा. गोबर से अब दीवारों को रंगरोगन होगा. हमने गोबर से पेंट बनाने के लिए स्र्श किया है। देश मे ऑक्सीजन और रेमदेसिविर जैसी दवाइयां नहीं मिलने पर हमने लाखों लोगों को खोया है

एक वक्त था जब छत्तीसगढ़ की पहचान और छत्तीसगढ़ के लिए हर मंच से बात नक्सलियों और नक्सलवाद पर होती थी. अब छत्तीसगढ़ की एक अलग पहचान बनी है। छत्तीसगढ़ में कोरोना के पहले वेव के समय हमारे प्रयासों से हम रोकने में सफ्ल रहे. दूसरी वेव के वक्त प्रदेश के सीमावर्ती ज़िले से तेज़ी से फैला लेकिन हमने फ्रि एक बार तेज़ी से नियंत्रित किया गया। कोरोना को नियंत्रित करने में मितानिनों का सहयोग मिला. महिलाओं का साथ काम करना सफ्लता की गारंटी होती है। तीसरी बार जो प्रथम पुरस्कार मिला है स्वच्छता के क्षेत्र में उसमे सबसे बड़ा योगदान हमारी स्वच्छता दीदीयों का रहा है।

सरोना शराब दुकान के समीप चखना सेंटर में भारी गंदगी मिलने पर 10 हजार रुपए का जुर्माना किया

रायपुर। नगर निगम की टीम ने शहर के सरोना स्थित शराब दुकान के समीप चखना सेंटर में भारी गंदगी मिलने पर संचालक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला।

आज नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त प्रभात मलिक के आदेशानुसार निगम जोन क्रमांक 8 के जोन कमिश्नर अरुण ध्रुव के नेतृत्व एवं सहायक अभियन्ता अभिषेक गुप्ता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आत्मानंद साहू की उपस्थिति में जोन 8 के तहत आने वाले संत रविदास वार्ड नम्बर 70 में सरोना चौक के समीप शराब दुकान के पास चखना सेंटर की सफ्ाई व्यवस्था का जनशिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी लेने किये गये प्रत्यक्ष अवलोकन के दौरान भारी गन्दगी मिली एवं कचरा बड़ी मात्रा में फैला पाया गया एवं जनशिकायत पूरी तरह स्थल पर सही पायी गयी. इस पर जोन कमिश्नर ध्रुव के निर्देश पर चखना सेंटर के संचालक साहिल सिंह पर 10000 रूपये का जुर्माना उन्हें अगले 3 दिन के भीतर सफ्ाई व्यवस्था सुधारने का निर्देश देते हुए निगम जोन 8 की टीम द्वारा किया गया एवं सम्बंधित चखना सेंटर के संचालक को अन्यथा की स्थिति में चखना सेंटर को ताला लगाकर सीलबंद करने की कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गयी है।

कुशाभाऊ ठाकरे के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा ब्रजरत्न अवार्ड से अलंकृत

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा को ब्रज रत्न अवार्ड 2021 से अलंकृत किया गया। यह अलंकरण आगरा में आयोजित समारोह में उत्तरप्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रदान किया। समारोह आगरा के कलाकृति कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। इस समारोह में समाज एवं कला के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 11 विभूतियों को अलंकृत किया।

विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. नरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रो. बलदेव भाई शर्मा को यह अलंकरण शिक्षा एवं राष्ट्र चिंतन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रदान किया गया। यह आयोजन इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया था। प्रो. बल्देव भाई शर्मा के अलावा हास्य कवि पद्मश्री काका हाथरसी, पूर्व वायु सेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया को भी ब्रज अलंकरण दिया गया।

कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बल्देव भाई शर्मा के ब्रज रत्न आवार्ड से अलंकृत होने पर विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. आनंद शंकर बहादुर, डॉ. नरेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. शाहिद अली, डॉ. पंकज नयन पांडेय, डॉ. नृपेंद्र शर्मा, डॉ. राजेंद्र मोहंती सहित देश के विभिन्न शिक्षाविदों एवं पत्रकारों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

आयोजन कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह करेंगे, रावणभांठा मैदान में आयोजित होगा कार्यक्रम

धर्म संसद 2021 का आयोजन 25 एवं 26 को

- **समापन करेंगे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल**

रायपुर। सनातन धर्मियों को एकत्रित करने के उद्देश्य से संत समाज की धर्म संसद 2021 का आयोजन रावणभांठा मैदान अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड के पास 25 एवं 26 दिसंबर को किया जा रहा है। उक्त धर्म संसद में चारों पीठों के शंकराचार्यो के प्रतिनिधि एवं 20 से 25 संत श्रद्धालुओं को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में नीलकंठ सेवा संस्थान के

संस्थापक पंडित नीलकंठ त्रिपाठी, नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, भाजपा के प्रवक्ता सच्चिदानंद उपासने ने दी। पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने बताया कि धर्म संसद का आयोजन समाज में फैली विसंगतियों को दूर करने एवं बच्चों में उत्तम संस्कार डाले जाने हेतु आयोजित की जा रही है। धर्म संसद में सनातन धर्म पर लगातार आपत्तिजनक आरोपों एवं सोशल मीडिया में विकृत विचारधारा हिन्दू धर्म के खिलाफ लिखे जाने के विरूद्ध संगठित रूप से अपने विचारों को जन-जन तक पहुंचाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ निशान एवं कलशयात्रा पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह द्वारा सुबह 10 से 12 बजे के मध्य निकाली जाएगी। दीप प्रज्जवलन 12.30 बजे होगा। संतों का सम्मान एवं पूजा अर्चन दोपहर एक बजे एवं संतों एवं आयोजन समितियों का परिचय कार्यक्रम डेढ़ बजे दिया जाएगा। दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे के मध्य धर्म संसद में आने वाले मुद्दों पर संत समाज चर्चा करेंगा। रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया है। द्वितीय दिवस 26 दिसंबर को संतों का व्याख्यान सुबह 10 से 2 बजे के मध्य होगा। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मुख्य आतिथ्य में संतों के सम्मान के साथ होगा।

संपादकीय

छत्तीसगढ़ भाजपा आत्मचिंतन करें

छत्तीसगढ़ में 15 नगरीय निकायों के चुनाव नतीजे एक तरफा कांग्रेस के पक्ष में गए है। भाजपा का एक तरह से सफाया ही हो गया है। चारों नगर निगमों में कांग्रेस का कब्जा हो गया है वहीं छह नगर पंचायतें भी कंाग्रेस की झोली में गई है, पांच नगर पालिकाओं में से सिर्फ जामुल नगर पालिका में भाजपा का काम चलाऊ बहुमत आ पाया है। ये चुनावी नतीजे भाजपा के लिए एक सबक है, छत्तीसगढ़ भाजपा को आत्मचिंतन करना चाहिए कि आखिर वह चुनाव दर चुनाव हार क्यों रही है। भाजपा की इन चुनावों में स्थिति यह रही है कि बस्तर के भोपालपट्नम नगर पंचायत में उसका खाता भी नहीं खुल पाया। वहां की सभी 15 सीटें कंाग्रेस ने जीत ली। इसी तरह कोंटा नगर पंचायत में भी 15 में से 14 सीटें कंाग्रेस की झोली में गई, भाजपा को ले दे कर 1 सीट मिल पाई। कांग्रेस ने भाजपा का पत्ता साफकर दिया है। अन्य नगर पंचायतों में भी भाजपा को तीन से चार सीटों पर ही संतोष करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस का जनाधार मजबूत रहा है लेकिन नगरीय निकायों के चुनाव में कंाग्रेस ने शहरी क्षेत्रों में भी भाजपा को पछाड़ दिया है जबकि भाजपा का शहरी क्षेत्रों में जनाधार मतबूत माना जाता है। जाहिर है पिछले विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के सदमे से भाजपा अभी तक नहीं उबर पाई है उसी का खामियाजा उसे इन 15 नगरीय निकायों के चुनावों में भुगतना पड़ा है और शर्मनाक पराजय का सामना करने के लिए विवश होना पड़ा है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कंाग्रेस की सरकार के कार्यकाल का तीन साल पूरा हो चुका है और अब दो साल ही बचे है यदि इन दो सालों में भाजपा ने अपनी रीति और नीति में परिवर्तन नहीं किया और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर भाजपा नेता लोगों के बीच नहीं गए तो कोई बड़ी बात नहीं कि दो साल बाद होने वाले विधानसभा चुनावों में भी उन्हे पराजय का सामना करना पड़ जाए। नगरीय निकायों के जिन नतीजों से भाजपा को सबक लेने की जरूरत है और पार्टी संगठन में व्याप्त गुटबाजी को दूर कर पार्टी में एकजुटता लाने की भी आवश्यकता है। चुनाव दर चुनाव हार के कारण भाजपा के कार्यकर्ताओं में जो हताशा व्याप्त हो रही है उसे दूर कर उनमें नया उत्साह भरने की भी आवश्यकता है अन्यथा भाजपा कंाग्रेस की चुनौती का सामना नहीं कर पाएगी।

विचार

धर्म-परिवर्तन विरोधी कानून

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कर्नाटक की विधानसभा ने धर्म-परिवर्तन विरोधी कानून पारित कर दिया है। भाजपा ने उसका समर्थन किया है और कांग्रेस ने उसका विरोध! इस तरह के कानून भाजपा-शासित कई अन्य राज्यों ने भी बना दिए हैं और कुछ अन्य बनाने जा रहे हैं। कर्नाटक के इस कानून के विरोध में कई ईसाई संगठनों ने बेंगलूरु में प्रदर्शन भी कर दिए हैं। कई मुस्लिम नेता भी इस कानून के विरोध में अपने बयान जारी कर चुके हैं। इस तरह के जितने भी कानून बने हैं, उनके कुछ प्रावधानों से किसी-किसी पर मतभेद तो जायज हो सकता है लेकिन भारत-जैसे देश में धर्म-परिवर्तन पर कुछ जरुरी प्रतिबंध अवश्य होने चाहिए। वास्तव में धर्म-परिवर्तन है क्या? यह वास्तव में धर्म-परिवर्तन के नाम पर ताकत का खेल है। इसका एक मात्र उद्देश्य अपने-अपने समुदाय का संख्या-बल बढ़ाना है। किसी भी लोकतांत्रिक देश में संख्या-बल के आधार पर ही सत्ता पर कब्जा होता है। सिर्फ सत्ता पर औपचारिक कब्जा ही नहीं, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों में भी अपना वर्चस्व कायम करने में मजहबी-संख्या की जबर्दस्त भूमिका होती है। जो लोग अन्य लोगों का धर्म-परिवर्तन करवाते हैं, उनसे कोई पूछे कि वे जिस धर्म के हैं, क्या वे उस धर्म का पालन अपने खुद के जीवन में ईमानदारी से करते रहे हैं ? यूरोप का इतिहास बताता है कि वहां एक हजार साल की अवधि को अंधकार युग माना जाता है, क्योंकि उस काल में पोप की सत्ता ही सर्वोपरि रहती थी। कर्नल इंगरसोल ने अपनी रचनाओं में पोपों और पादरियों के भ्रष्टाचार, दुराचार, व्यभिचार आदि की पोल खोलकर रख दी है। पादरियों के दुराचार की खबरें आज भी अमेरिका और यूरोप से आए दिन संसार को चमकाती रहती हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि सभी पादरी या धर्मध्वजी भ्रष्ट होते हैं लेकिन यह कहने का अर्थ यही है कि धर्म की आड़ में पादरियों, मौलवियों, पंडितों, पुरोहितों, साधुओं और संन्यासियों ने सदियों से अपना ठगी का धंधा चला रखा है। सारे संगठित धर्म राजनीति से भी अधिक खतरनाक होते हैं, क्योंकि वे अंधश्रद्धा पर आधारित होते हैं। कोई भी व्यक्ति जब अपना धर्म-परिवर्तन करता है तो क्या वह वेद, त्रिपिटक, बाइबिल, जिंदावस्ता, कुरान या गुरु ग्रंथसाहिब पढ़कर और समझकर करता है? हम लोग जिस भी धर्म को मानते हैं, वह इसलिए मानते हैं कि हमारे माँ-बाप ने उसे हमें घुट्टी में पिला दिया था। यदि कोई व्यक्ति किसी भी धर्म, संप्रदाय, पंथ या विचारधारा को सोच-समझकर उसमें दीक्षित होना चाहता है तो उसे परमात्मा भी नहीं रोक सकता लेकिन जो व्यक्ति लालच, भय, प्रतिरोध, अज्ञान और ठगी के कारण धर्म-परिवर्तन करता है, उसे वैसा करने से जरुर रोका जाना चाहिए। इसीलिए ये धर्म-परिवर्तन विरोधी कानून बन रहे हैं लेकिन इन कानूनों को शुद्ध प्रेम पर आधारित अंतरजातीय विवाहों और तर्क पर आधारित धर्म-परिवर्तन के मार्ग की बाधा नहीं बनना चाहिए।

यूपी विधानसभा चुनाव में मुद्दा बनेंगे आयकर छापे!

डॉ. श्रीनाथ सहाय

ये कोई पहला मौका नहीं है जब चुनाव से पूर्व कई राज्यों में इनकम टैक्स के छापे पड़ें हों। इससे पहले भी कई बार चुनाव से पूर्व छापे पड़ चुके हैं। पश्चिम बंगाल में 2021 में विधानसभा चुनाव हुए थे इससे पहले भी इस प्रकार की कार्यवाही हुई थी। कर्नाटक में कांग्रेस के बड़े नेता के पीछे पड़ी थी आईटी। कर्नाटक में 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे। महाराष्ट्र में 2019 में विधानसभा चुनाव हुए थे। इससे ठीक पहले ही सितंबर 2019 में चुनाव के ठीक पहले म्क् ने छापे मारे थे। शरद-अजित पवार पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस हुआ था। छत्तीसगढ़ में भी साल 2018 में विधानसभा चुनाव थे और छापेमारी का समय भी यही रहा। सीडी घोटाले में भूपेश बघेल को सीबीआई का सामना करना पड़ा। मध्य प्रदेश में 2018 में विधानसभा चुनाव हुए और अप्रैल 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले प्ज् ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबियों के 52 ठिकानों पर छापे मारे थे।

उत्तर प्रदेश में अब महज कुछ ही महीने दूर चुनाव हैं। चुनाव से ठीक पहले समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के करीबीयों पर इनकम टेक्स की रेड ने एक बार फिर टाइमिंग को लेकर सवाल खड़ा कर दिया है। सपा के चीफ अखिलेश यादव ने इसकी टाइमिंग पर सवाल उठाए हैं तो बीजेपी इसे इनकम टेक्स की कार्रवाई बताकर पल्ला झाड़ने में जुटी हुई है। लेकिन एक बात साफ है कि यह पहला मौका नहीं है जब चुनाव के समय विपक्ष के नेताओं के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई हो रही है। पहले भी ऐसे कई मौके आए जब चुनाव के समय कई राज्यों में प्रमुख नेताओं और उनके करीबियों के यहां जांच एजेंसियों की छापेमारी हो चुकी है। प्रदेश में अभी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा नहीं हुई है। बहुत संभावना है कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में प्रदेश में चुनाव आचार संहिता लागू हो जाएगी। चुनावी बेल में समाजवादी पार्टी के नेताओं और करीबियों पर आयकर विभाग के छापों ने राजनीति को गरमा दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार समाजवादी पार्टी के नेताओं पर आयकर छापे 1000 करोड़ रुपए तक पहुंच सकते हैं। हालांकि केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पूरा खुलासा नहीं किया है, लेकिन 800 करोड़ रुपए की कर-चोरी का शुरुआती अनुमान है। आयकर विभाग की खुफिया लीड 200 करोड़ रुपए की कर-चोरी की थी, लेकिन पांच दिन के छापों में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार बेनकाब हो रहा है।

वित्त मंत्रालय का बयान है कि सपा के एक नेता ने 68 करोड़ की कर-चोरी कबूल भी कर ली है और वह जुर्माने सहित टैक्स अदा करने को तैयार भी हैं। उस नेता ने आयकर अधिकारियों के जरिए भारत सरकार से माफी भी मांगी है। एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के निदेशक की 86 करोड़ रुपए की अघोषित आय भी पकड़ी गई है। एक फर्जी कंपनी में 12 करोड़ रुपए का निवेश और फर्जी शेयर भी बरामद किए गए हैं। कंस्ट्रक्शन कंपनी के फर्जी दस्तावेज, खाली बिल बुक, स्टांप, हस्ताक्षर की गई चेक बुक आदि हस्तगत कर लिए गए हैं और करोड़ों के फर्जी खर्च की जानकारियां भी हासिल हुई हैं। इनके अलावा, कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, डायरियां और दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। डायरी में नोट हैं कि कब, किसे और कैसे 'घूस' दी गई? शक के घेरे में पुलिस और प्रशासन के बड़े अधिकारी भी हैं।

अभी सपा के संस्थापक मुलायम सिंह यादव, पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव आदि के खिलाफ बेहिसाब संपत्ति के केस सीबीआई में जारी हैं। धन्य है, विश्वनाथ चतुर्वेदी का नैतिक हौसला और धैर्य, कि वह अकेले ही यह लंबा और खतरनाक 'धर्मयुद्ध' लड़ रहे हैं और केस को बंद नहीं होने दिया है। मुलायम सिंह अपने आप में एक राजनीतिक खौफ रहे हैं। अब उनकी पार्टी की दूसरी पीढ़ी भी भ्रष्ट साबित होने के कगार पर है। मुलायम के अंतरंग साथी रहे आजम खां लोकसभा सांसद हैं, लेकिन जेल में बंद हैं। बड़े-बड़े वकील भी उनकी जमानत नहीं करा सके हैं। विचाराधीन मामलों में वह भू-माफिया के तौर पर उभरे हैं। उप्र की पिछली अखिलेश सरकार में मंत्री रहे गायत्री प्रजापति भी जघन्य बलात्कार एवं अन्य मामलों में जेल की सलाखों के पीछे हैं।

मौजूदा आयकर छापे उन सपा नेताओं के घर, कार्यालय और बिजनेस के अन्य ठिकानों पर पड़े हैं, जो पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ओएसडी या बेहद करीबी थे। हम ऐसे आरोपों को खंडित नहीं कर सकते कि विभिन्न एजेंसियों के छापों के पीछे राजनीतिक दखल नहीं होता। पूरा लोकतंत्र राजनीति पर आधारित है। राजनीतिक दखल ही देश की सरकार चलाता है। वे निरपेक्ष, तटस्थ और बिल्कुल न्यायकारी नहीं माने जा सकते। यदि आज आयकर छापा मारा गया है, तो उसकी प्रक्रिया 5-6 माह पूर्व ही शुरू हो जाती है। राजनीतिक दखल या पूर्वाग्रह के आधार पर ही छापे नहीं मारे जा सकते, क्योंकि अंततः अदालत के सामने जवाबदेही होती है। छापों से पहले ही प्रमाण जुटाए जाते हैं, खुफिया सूचनाएं इकठ्ठा की जाती हैं, आयकर अदा करने के पुराने विवरणों के विश्लेषण किए जाते हैं। यदि विभाग ऐसी कार्रवाई पूर्वाग्रह के मद्देनजर करता है, तो अधिकारियों की नौकरी तक जा सकती है। उन्हें जेल भी हो सकती है। यदि सपा नेता अखिलेश यादव के पास ठोस सबूत हैं कि ये छापे चुनावों के मद्देनजर खुन्नस निकालने के लिए डाले गए हैं, तो उन्हें अदालत में चुनौती जरूर देनी चाहिए।

ये कोई पहला मौका नहीं है जब चुनाव से पूर्व कई राज्यों में इनकम टैक्स के छापे पडें हों। इससे पहले भी कई बार चुनाव से पूर्व छापे पड़ चुके हैं। पश्चिम बंगाल में 2021 में विधानसभा चुनाव हुए थे इससे पहले भी इस प्रकार की कार्यवाही हुई थी। कर्नाटक में कांग्रेस के बड़े नेता के पीछे पड़ी थी आईटी। कर्नाटक में 2018 में विधानसभा चुनाव हुए थे। महाराष्ट्र में 2019 में विधानसभा चुनाव हुए थे। इससे ठीक पहले ही सितंबर 2019 में चुनाव के ठीक पहले म्क् ने छापे मारे थे। शरद-अजित पवार पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस हुआ था। छत्तीसगढ़ में भी साल 2018 में विधानसभा चुनाव थे और छापेमारी का समय भी यही रहा। सीडी घोटाले में भूपेश बघेल को सीबीआई का सामना करना पड़ा। मध्य प्रदेश में 2018 में विधाानसभा चुनाव हुए और अप्रैल 2019 में लोकसभा चुनाव से पहले प्ज् ने तत्कालीन मुख्यमंत्री कमलनाथ के करीबियों के 52 ठिकानों पर छापे मारे थे। केरल में साल 2021 में विधानसभा चुनाव से पहले ही जुलाई 2020 में मुख्यमंत्री के प्रिंसिपल सेक्रेट्री एम शिवशंकर से सोने की तस्करी के मामले में पूछताछ की गई थी। आंध्रप्रदेश में 2019 में विधानसभा चुनाव से नवंबर 2018 में चुनावों से कुछ महीने पहले प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग में तेलुगू देशम के सांसद वाईएस चैधरी पर छापे मारे गये थे। इसीलिये यूपी में इनकम टैक्स की कार्यवाही पर सवाल उठ रहे हैं।

चुनाव और आयकर, ईडी, सीबीआई आदि के छापे परस्पर पूरक नहीं हैं। चुनाव तो आजकल साल भर किसी न किसी राज्य में होते ही रहते हैं। एजेंसियां हाथ पर हाथ धर कर नहीं बैठ सकतीं। फि र तो अपराध अराजकता बन जाएगा और देश में कर-व्यवस्था ही खंडित हो जाएगी। पहले ही देश की थोड़ी-सी आबादी ही आयकर का भुगतान करती है। समाजवादी पार्टी नेताओं और करीबियों के घर और दफ्तर पर आयकर विभाग के छापेमारी पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा को हार सतायेगी तो दिल्ली से बड़े-बड़े नेता आएंगे। अभी इनकम टैक्स विभाग आया है फिर ईडी और सीबीआई आएगी। अब इनकम टैक्स विभाग भी उत्तरप्रदेश में चुनाव लड़ने आ गया। भाजपा के पास कोई नया रास्ता नहीं है। बहरहाल अब सवाल यह है कि उप्र के विधानसभा चुनाव में आयकर छापे क्या प्रमुख मुद्दे बनेंगे? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उप मुख्यमंत्री केशवप्रसाद मौर्य के बयानों से तो ऐसा ही स्पष्ट होता है। बेशक उप्र में सपा ही सत्तारूढ़ भाजपा को प्रखर चुनौती देती लग रही है।

मास्क पहनने से आपको भी उलझन होती है क्या?

नरविजय यादव

। राज्य सरकारों ने फिर से पाबंदियां लगानी शुरू कर दी हैं। सरकार की एडवाइजरी में सबसे अहम सलाह है मास्क पहनने की। परंतु कितने लोग हैं जो मास्क पहनने का नियम ठीक से फॉलो करते हैं। अधिकांश को तो लगता है कि मास्क पहनने से दम घुटता है। सैल्यूट है उन चिकित्सा कर्मियों को जो अस्पताल में पूरे समय मास्क और सुरक्षा किट पहने रहते हैं। उन्हें तो बल्कि डबल मास्क लगाना पड़ता है। पिछले साल मास्क को लेकर जागरूकता और सख्ती बढ़ी तो लोगों ने खास तौर पर महिलाओं ने फैशनेबल मास्क पहनने शुरू कर दिये। खूबसूरत दिखने वाले ये मास्क आमतौर पर कपड़े के बने होते हैं।

ओमिक्रॉन की वजह से देश में तीसरी लहर आने का खतरा गहरा रहा है। कहा जा रहा है कि फरवरी में यह अपने चरम पर पहुंच सकती है। राज्य सरकारों ने फिर से पाबंदियां लगानी शुरू कर दी हैं। सरकार की एडवाइजरी में सबसे अहम सलाह है मास्क पहनने की। परंतु कितने लोग हैं जो मास्क पहनने का नियम ठीक से फॉलो करते हैं। अधिकांश को तो लगता है कि मास्क पहनने से दम घुटता है। सैल्यूट है उन चिकित्सा कर्मियों को जो अस्पताल में पूरे समय मास्क और सुरक्षा किट पहने रहते हैं। उन्हें तो बल्कि डबल मास्क लगाना पड़ता है। पिछले साल मास्क को लेकर जागरूकता और सख्ती बढ़ी तो लोगों ने खास तौर पर महिलाओं ने फैशनेबल मास्क पहनने शुरू कर दिये। खूबसूरत दिखने वाले ये मास्क आमतौर पर कपड़े के बने होते हैं। परंतु कोरोना को रोकने में ऐसे मास्क कितने कारगर होते हैं, इसको लेकर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के एक प्रोफेसर का कहना है कि अगर दोहरे या तिहरे कपड़े के बने हों, तब तो ठीक है, वरना सिंगल लेयर वाले कपड़े के मास्क काम के नहीं होते हैं। कपड़े से बने फैशनेबल मास्क मेडिकल शर्तें पूरी नहीं करते, जबकि एन95 रेस्पिरेटर मास्क बनाने वालों को यह सुनिश्चित करना होता है कि वो 95 प्रतिशत कणों को फिल्टर करता हो।

'एकदेश' संस्था ने भारत के 18 शहरों में एक सर्वेक्षण किया। 'अपनामास्क' नामक नामक इस रिपोर्ट के अनुसार, 90 प्रतिशत भारतीयों को मास्क की अहमियत पता है, लेकिन मास्क पहनने की जहमत सिर्फ 44 प्रतिशत लोग ही उठाते हैं। मास्क न पहनने वालों का तर्क अक्सर यह रहता है कि उन्हें इससे उलझन होती है। 50 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत होती है। 45 प्रतिशत को यह गलतफहमी है कि वे सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हैं इसलिए उन्हें मास्क की जरूरत नहीं है। 26-35 आयु वर्ग के युवा बड़े निश्चिंत मिले, उन्हें लगता था कि मास्क की जरूरत ही क्या है। 36-55 साल आयु वर्ग के लोग मास्क को लेकर अधिक सजग दिखे। 50 प्रतिशत लोग घर से बाहर रहने पर पूरे समय मास्क पहने रहते हैं। पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं मास्क को ज्यादा अच्छे से पहनती हैं। मोटे तौर पर कह सकते हैं कि आधा हिंदुस्तान मास्क नहीं पहनता और बाकी आधा आधे-अधूरे तरीके से पहनता है।

दुनिया भर के विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि फेस मास्क पहनने से लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा हो सकती है और कोविड फैलने की गति को धीमा किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कोरोना वायरस खांसते, छींकते या बोलते समय सांस की बूंदों के जरिए फैल सकता है। मास्क पहना होने पर इन बूंदों को मुंह या सांस में पहुंचने से रोका जा सकता है। परंतु, मास्क कितना भी अच्छा क्यों न हो, वह कारगर तभी होगा, जब उसे सही ढंग से पहना जाये। मास्क इतना बड़ा अवश्य होना चाहिए कि वह मुंह और नाक को ढंक सके। उसकी बनावट ऐसी हो कि मुंह के आगे पर्याप्त स्थान रहे, ताकि सांस लेने और बोलने में असुविधा न हो। मास्क के अगले हिस्से को कभी हाथ से नहीं छूना चाहिए। उतारने के लिए कान के पीछे लगी डोरी पकड़नी चाहिए, न कि पूरा मास्क। पहनने से पहले हाथों को साबुन से धोना या सेनिटाइज करना अच्छी आदत है।

दुनिया भर के विशेषज्ञ इस बात से सहमत हैं कि फेस मास्क पहनने से लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा हो सकती है और कोविड फैलने की गति को धीमा किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कोरोना वायरस खांसते, छींकते या बोलते समय सांस की बूंदों के जरिए फैल सकता है। मास्क पहना होने पर इन बूंदों को मुंह या सांस में पहुंचने से रोका जा सकता है। परंतु, मास्क कितना भी अच्छा क्यों न हो, वह कारगर तभी होगा, जब उसे सही ढंग से पहना जाये। मास्क इतना बड़ा अवश्य होना चाहिए कि वह मुंह और नाक को ढंक सके। उसकी बनावट ऐसी हो कि मुंह के आगे पर्याप्त स्थान रहे, ताकि सांस लेने और बोलने में असुविधा न हो। मास्क के अगले हिस्से को कभी हाथ से नहीं छूना चाहिए। उतारने के लिए कान के पीछे लगी डोरी पकड़नी चाहिए, न कि पूरा मास्क। पहनने से पहले हाथों को साबुन से धोना या सेनिटाइज करना अच्छी आदत है।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कोलकाता नगर

कोलकाता नगर निगम की 144 सीटों पर हुये मतदान में टीएमसी ने 134 सीटें जीती हैं... ना जाने ऐसे और कितने उदाहरण हमारे हुक्मरानों के सामने से गुजरेंगे... तब जाकर कहीं उन्हें समझ आयेगा... कि सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास से घंटा कुछ हासिल नहीं होने वाला... जो मिला है एक दिन वह भी खो दोगे..!

- कुमार संतोष

उदीयमान सूरज

उदीयमान सूरज निकलता चाँद सुहासिनी चांदनी सागर के किलकते किनारे कल-कल करते झरने गुनगुनाती नदिया उतुंग शिखर बेलों की हुलसती झुरमुट कलरव करते पँछीसुरनिलय से बहती पवन मिलन बिंदु पर खड़े अम्बर-धरा विहंसते पुष्प तेरे ही उपमान सभी तेरी ही प्रतिच्छाया ज़र्रे ज़र्रे में तूं तुझी से ज़र्रा-ज़र्रा।

- आशा पाण्डेय ओझा

ख़ास पाती | कितना कुछ पहले भी अक्सर

कितना कुछ पहले भी अक्सर दफ़्न किया। लेकिन अब पहले से बेहतर दफ़्न किया।। एहसासों को दफ़्न किया धीरे धीरे । सीने पर इक भारी पत्थर दफ़्न किया।। दफ़्न डायरी थी मेरी जिस पेटी में। उस पेटी में तेरा लेटर दफ़्न किया।। यादों के जंगल में सूखे फूलों से। दिल का टूटा फूटा खंडर दफ़्न किया।। जागी आँखों के सपनें जबसे भाये । तबसे मैंने अपना बिस्तर दफ़्न किया ।। मनमाफ़िक़ बाहर का आलम भी कब था । सोचा ये फिर सबकुछ अंदर दफ़्न किया।। जाने कहाँ पे लाश छिपाई थी उसने । जाने कहाँ पे उसने खंजर दफ़्न किया। **- पुष्प सैनी 'पुष्प'**



अश्क़ पानी से तब हुआ पत्थर!

अश्क़ पानी से तब हुआ पत्थर मैंने जब दिल पे रख लिया पत्थर पत्थरों में भी जान है वरना आग कैसे लगाएगा पत्थर फूल कहते थे सब वहाँ उसको रो पड़ा मैंने जब कहा पत्थर लाख हसरत जगा के हारी मैं उम्रभर वो मगर रहा पत्थर कांच के दिल को कोसती हूँ मैं, तुमसे कुछ भी नहीं गिला पत्थर! हद से गुजरी जो भूख मुफ़लिस की, बदले रोटी के खा लिया पत्थर बेवजह तुम ही मर मिटे उसपे, वो बहुत पहले से ही था पत्थर!! चोट लगनी तो लाज़िमी है 'कमल' पाँ के नीचे है जा-ब-जा पत्थर!! **- रूबी झा 'कमल'**

मैंने अंतर्दशीय में बारीकी से लिखा

मैंने अंतर्दशीय में बारीकी से लिखा मैं थक रही हूं तुमसे दूर होकर, पास महसूस करते हुए उसने, अंतर्दशीय के जवाब में, मुझे अपनी कलम से मंगलसूत्र के धागे सा पिरोया और कहा, मैं आज भी, वही अंतर्दशीय के कागज़ सी सुगंधित हूं, जैसे कि- अदृश्य रेत सी उसके मन को चूमा करती थी, मैं। **- अनुभूति 'अनु'**

घृणा की कहानी सुनाते

घृणा की कहानी सुनाते रहे दिलों बीच दूरी बढ़ाते रहे। भले बात बोलें सनी चासनी, सुना नाम मजहब लड़ाते रहे। सियासी दलों की न बातें करो हमेशा सभी बरगलाते रहे महावीर गाँधी जपें बुद्ध जो वही लोग हिंसा सिखाते रहे। गले से लगाया भुला दुश्मनी, सदा जख्म अपने छुपाते रहे। लुटेरे बने जो घुसे देश में, उन्हें हम गले से लगाते रहे। क़दम लड़खड़ाए भले हों कभी, मशालें सदा हम जलाते रहे। **- डॉ बिपिन पाण्डेय**

गणित बन गई जिंदगी, जोड़ घट

गणित बन गई जिंदगी, जोड़ घट गुणा भाग। लगा दशमलव कर दिया, रिश्तों का परित्याग। रिश्तों का परित्याग, करें प्रतिशत को लेकर। वर्ग और घनमूल, न बढ़ते आज गुणाकर। भिन्न बना सरताज, उसी की करे बन्दगी। जोड़ घट गुणा भाग, गणित सी बनी जिंदगी। **- रजनी रामदेव**

जी लिए खुद के लिए हम गर

जी लिए खुद के लिए हम गर ज़रा सा हो गया रिश्तों से जैसे फासला सा मतलबों से याद करते लोग थे बस कैसे कह दें वक़्त ही था बेवफ़ा सा खूब तोड़ा इस जहां ने हमको लेकिन फिर भी जिन्दा रह गया है हौसला सा तुमसे पहले कुछ नहीं था ज़िन्दगी में बस ये जीवन था हमारा बदमज़ा सा जबसे तुम हो रूबरू मेरी मुहब्बत ज़िन्दगी को लग रहा है आसरा सा। **- मित्र ग़ाज़ियाबादी**

राम कथा तुलसी मन मंदिर

राम कथा तुलसी मन मंदिर , प्रेम पयोधि निहारत ज्ञानी, जीवन जीव विशेषण उत्तम , ज्ञान सुबोध सजावत ज्ञानी, राम रमापति जन्म कथा शुचि , पारस स्वर्ण बनावत ज्ञानी, भक्त शिरोमणि दर्श हिए शिव , भेष विशेष बनावत ज्ञानी। **- राजकिशोर मिश्र 'राज' प्रतापगढ़ी**

QUIZ TIME

1) किस साधु ने 'धर्म' को यह श्राप दिया था कि वे विधुर के रूप में पुनर्जन्म लेंगे?
2) हिंदू मान्यता के अनुसार विष्णु का दसवां एवं अंतिम अवतार कौन है?
3) ईसा पूर्व 218 से 210 के बीच रोमनों ने किस अफ्रीकी राष्ट्र के विरूद्ध द्वितीय प्यूनिक युद्ध लड़ा था?
4) चींटी खाने वाले किस अफ्रीकी स्तनधारी के नाम का अफ्रीकी भाषा में अर्थ होता है, 'जमीनी सूअर'?
5) मर्लिन ब्रांडो ने 1978 की किस फिल्म में काम करने के लिए 3 मिलियन डॉलर लिए थे, जिसके साथ वे फिल्म उद्योग में सर्वाधिक धनराशि प्राप्त करने वाले अभिनेता बन गए?



Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) मार्दन्या (2) कल्कि (3) कार्थेज (4) आर्डवर्क (5) सुपरमैन

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1763 - भरतपुर के महाराजा सूरजमल की हत्या। 1771 - मुग़ल शासक शाह आलम द्वितीय मराठाओं के संरक्षण में दिल्ली के सिंहासन पर बैठे। 1892 - स्वामी विवेकानंद ने कन्याकुमारी में समुद्र के मध्य स्थित चट्टान पर तीन दिन तक साधना की। 1924 - पहला अखिल भारतीय कम्युनिस्ट कॉन्फ्रेंस कानपुर में संपन्न। 1946 - ताईवान में संविधान को अंगीकार किया गया। 1962 - सोवियत संघ ने नोवाया जेमल्या क्षेत्र में परमाणु परीक्षण किया। 1977 - हॉलीवुड के प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता चार्ली चैपलिन का निधन। 1991 - राष्ट्रपति मिखाइल एस. गोर्बाचोव के त्यागपत्र के साथ ही सोवियत संघ का विभाजन एवं उसका अस्तित्व समाप्त। 1998 - रूस एवं बेलारूस द्वारा एक संयुक्त संघ बनाये जाने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर। 2002 - चीन और बांग्लादेश के बीच रक्षा समझौता। 2005 - मॉरीशस में 400 वर्ष पूर्व विलुप्त 'डोडो' पक्षी का दो हज़ार वर्ष पुराना अवशेष मिला। 2007 - कनाडा के प्रसिद्ध जॉज पियानोवादक और संगीतकार आस्कर पीटरसन का निधन। 2012 - दक्षिणी कज़ाकिस्तान के शिमकेंट शहर में एएन-72 विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ जिससे 27 लोगों की मौत हो गई।



अक्षय और टाइगर की जोड़ी मचायेगी धूम!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार और एक्शन हीरो टाइगर श्राफकी जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाती नजर आ सकती है।

बॉलीवुड में चर्चा है कि निर्देशक अली अब्बास जफर, अक्षय कुमार और टाइगर श्राफको लेकर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के तर्ज पर बनायी जायेगी। यह फिल्म अगले साल 2022 में फ्लोर पर जा सकती है। मेकर्स कथित तौर पर इस फिल्म को वर्ष 2023 में रिलीज करने की प्लानिंग बना रहे हैं।

गौरतलब है कि वर्ष 1998 में प्रदर्शित फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में अमिताभ बच्चन और गोविंदा ने डबल रोल किया था। इसके अलावा फिल्म में रवीना टंडन, राम्या कृष्णन, अनुपम खेर, परेश रावल, शरत सक्सेना और सतीश कौशिक महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड धवन ने किया था।

प्रभास की फिल्म 'राधे श्याम' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास की आने वाली फिल्म 'राधे श्याम' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। प्रभास और पूजा हेगड़े की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'राधे श्याम' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर मैसिव, कलरफुल और बिग स्केल पर नजर आ रहा है। वहीं, ट्रेलर में प्रभास और पूजा हेगड़े की खूबसूरत केमिस्ट्री के अलावा विभिन्न लैंडस्केप और एग्जॉटिक इंटरनैशनल लोकेशंस को भी खूबसूरती से प्रदर्शित किया गया है। ट्रेलर में एक मिस्टीरियस लवर बॉय विक्रम आदित्य के रूप में शक्तिशाली प्रभास की कुछ झलकियां नजर आई हैं। जिन्हें एक्स्ट्राऑर्डिनरी कहा जा सकता है।

फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किये जाने वाले पहले संगीतकार थे नौशादः मुंबई (वार्ता)। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में संगीत सम्राट नौशाद पहले संगीतकार हुये, जिन्हें संगीतकार की श्रेणी में सर्वप्रथम फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया । वर्ष 1953 मे प्रदर्शित फिल्म बैजू बावरा के लिये नौशाद फिल्म फेयर के सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के तौर पर सम्मानित किये गये।

'जौनपुर' – अपराध, परिवार की एक बेहद मनोरंजक कहानी,जो स्ट्रीम हो रही है वॉचो पर; जिंदगी की वास्तविक घटनाओं से प्रेरित है कहानी

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख डीटीएच कंपनी डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के नये और सबसे तेजी से बढ़ते ओटीटी प्लेटफॉर्म वॉचो ने साल 2021 की धमाकेदार समाप्ति के लिये एक नई दिलचस्प क्राइम सीरीज ÷ जौनपुर ÷ का प्रीमियर किया है। एक जाने-माने गैंगस्टर के जीवन से प्रेरित इस सीरीज में जौनपुर के एक नामी शूटर की कहानी है। निश्चित रूप से यह क्राइम थ्रिलर अपने दर्शकों को अंत तक बांधकर रखेगी। यह सीरीज यूपी के सबसे वांटेड गैंगस्टर्स में से एक के मानवीय पक्ष को आपके सामने पेश कर रही है। जौनपुर में बड़े पैमाने पर शूट की गई यह सीरीज, हिन्दी में उपलब्ध है और अब वॉचो ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।



एक्शन से भरपूर सीरीज का निर्देशन सतीश शुक्ला ने किया है, यह कहानी बहादुर और मस्तीखोर किशोर, बाबू की है, जो अपने दोस्त के सम्मान को बचाने के लिए अपराध की दुनिया में कदम रखता है। इस कहानी में एक मासूम किशोर, बाबू का जौनपुर के सबसे खूंखार शख्सियत बनने के सफर को दर्शाया गया है। अभिषेक बिंदल द्वारा निर्मित, इस सीरीज में अनुज शर्मा, पलक सिंह और जाहिद एम शाह मुख्य कलाकार हैं।

लॉन्च के बारे में सुखप्रीत सिंह, कॉरपोरेट हेड - मार्केटिंग, डिश टीवी और वॉचो, डिश टीवी इंडिया लिमिटेड ने कहा, पापा का स्कूटर के नक्शेकदम पर चलते हुए, हम अपने दर्शकों के लिये एक और वॉचो ओरिजिनल लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। यह कहानी भारत के दूरस्थ हिन्दी भाषी इलाके जौनपुर की है।

जौनपुर यूपी के अँधेरे और गुमनाम दरवाजों पर दस्तक देने वाली यह कहानी, अपराध, एक्शन, परिवार और त्याग से भरपूर है। वास्तविक जीवन की घटनाओं से प्रेरित, यह मनोरंजक कहानी शानदार कलाकारों, बेमिसाल प्रदर्शन और एक गहन कहानी का दावा करती है, जो निश्चित रूप से हमारे दर्शकों को जगाने और ध्यान आकर्षित करने के लिये है।

हरभजन सिंह ने क्रिकेट से लिया संन्यास

मुंबई (वार्ता)। दिग्गज भारतीय ऑफस्पिनर हरभजन सिंह ने शुक्रवार को क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने दोपहर को अपने यूट्यूब चैनल 'हरभजन टर्बनेटर सिंह' पर संन्यास की घोषणा की और ट्विटर पर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने अपने चैनल पर एक वीडियो संदेश में कहा, ÷मैं आज क्रिकेट के हर प्रारूप (वनडे, टेस्ट, टी-20) से संन्यास ले रहा हूं। जालंधर की तंग गलियों से भारतीय टीम तक का मेरा 23 साल का सफर बहुत खूबसूरत रहा है। जब भी मैं इंडिया की जर्सी पहन कर मैदान में उतरा हूं, शायद मेरी जिंदगी में इससे बड़ी प्रेरणा कोई और नहीं थी, लेकिन कभी न कभी एक मुकाम आता है जब आपको जीवन में कठिन फैसले लेने होते हैं और जिंदगी में आगे बढ़ना होता है। मैं पिछले कुछ सालों से यह घोषणा करना चाह रहा था और इस बात का इंतजार कर रहा था कि मैं आप सभी के साथ इस पल को कब साझा करूंगा। पूर्व स्पिनर ने कहा, ÷जहनी तौर पर मैं हालांकि पहले ही संन्यास ले चुका था, लेकिन घोषणा नहीं कर पाया। वैसे भी पिछले कुछ वक्त से मैं प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेल रहा था, लेकिन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ कमिटमेंट की वजह से मैं चाहता था कि मैं आईपीएल 2021 सीजन में रहूं, लेकिन सीजन के दौरान ही मैंने संन्यास लेने का मन बना लिया था। वैसे हर क्रिकेटर की तरह मैं भी टीम की इंडिया जर्सी में क्रिकेट को अलविदा कहना चाहता था, लेकिन तकदीर को कुछ और मंजूर था। हरभजन ने कहा, ÷क्रिकेट करियर की बात करूं तो सबसे पहली खुशी मुझे तब मिली जब मैंने कोलकाता में हैट्रिक ली थी और मैं पहला भारतीय गेंदबाज बना, जिसने टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक ली। साथ ही साथ ही इस सीरीज में मैंने तीन मैचों में 32 विकेट लिए। यह रिकॉर्ड अब तक बरकरार है। इसके बाद 2007 में पहला टी-20 विश्व कप और 2011 का वनडे विश्व कप मेरे लिए सबसे अहम और खास थे। ये ऐसे यादगार लम्हें थे जिन्हें शायद मैं जिंदगी भर भुला नहीं पाऊंगा। मैं इसे शब्दों में भी बयान नहीं कर पाऊंगा कि यह मेरे लिए कितनी बड़ी खुशी थी। इस सफर में मुझे कई ऐसे लोगों का साथ मिला जो दुनिया में बहुत ही कम लोगों को नसीब होता है, जिसमें से कुछ मेरे दोस्त बने और कुछ परिवार का हिस्सा। अंडर-14 से इंडिया सीनियर और आईपीएल में अपने सभी साथी और विरोधी खिलाड़ियों का शुक्रिया करता हूं, जिन्होंने जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उल्लेखनीय है कि हरभजन ने 367 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कुल 711 लिए हैं। 103 टेस्ट मैचों में उनके नाम 417, 236 वनडे मैचों में 269 और 28 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 25 विकेट हैं। उन्होंने 163 आईपीएल मैच भी खेले हैं, जिसमें उन्होंने 150 विकेट लिए हैं।

न्यूज गैलरी

4.20 करोड़ आयकर रिटर्न दाखिल

नई दिल्ली (वार्ता)। आकंलन वर्ष 2021-22 के लिए कल तक 42029919 आयकर रिटर्न दाखिल किये गये। उल्लेखनीय है कि कोरोना की दूसरी लहर के बाद आयकर रिटर्न भरने की तिथि बढ़ायी जाने लगी थी और अब इसके लिए अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2021 निर्धारित है। आयकर विभाग ने लोगों से अंतिम समय में होने वाली भीड़ से बचने के लिए तत्काल रिटर्न दाखिन करने की अपील की है।

ओरिफ्लेम ने किया अपने उत्पादों का विस्तार

नई दिल्ली (वार्ता)। स्वीडिश ब्यूटी ब्रांड ऑरिफ्लेम ने भारत में अपने उत्पादों का विस्तार करते हुये लव नेचर डार्क बेरीज डिलाइट रेंज में नया एडिशन जोड़ा है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि लव नेचर डार्क बेरीज़ डिलाइट ऑर्गेनिक एक्स्ट्रैक्ट और बायो डिग्रेडेबल रिन्स-ऑफसे युक्त, इस रेंज में है, योगर्ट फेस क्रीम, फेस स्क्रब मार्मलेड और फेस मास्क स्मूदी। जैम और योगर्ट जैसे टेक्सचर और खुशबू वाले इन उत्पादों में ऑर्गेनिक ब्लैकबेरी, ब्लूबेरी और योगर्ट एक्सट्रैक्ट है।

होबार्ट हरिकेन्स पर लगा पांच रनों का जुर्माना

मेलबोर्न (वार्ता)। शुक्रवार को मेलबॉर्न स्टार्स के ख़िलाफ़ बिग बैश लीग (बीबीएल) मैच के दौरान होबार्ट हरिकेन्स पर पांच रनों का जुर्माना लगा। हरिकेन्स की बल्लेबाज़ी के अंतिम ओवर में स्ट्राइक अपने पास रखने के लिए टिम डेविड ने जानबूझकर एक शॉर्ट रन भागा था जिसके चलते टीम पर यह जुर्माना लगाया गया। यह बिग बैश लीग के इतिहास में पहली बार हुआ है।

अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर डेविड ने यॉर्कर लेंथ की गेंद को लॉन्ग ऑन की दिशा में खेला। पहले ऐसा लगा कि दोनों बल्लेबाज़ों ने आसानी से दो रन पूरे कर लिए लेकिन रिप्ले देखने पर पता चला कि स्ट्राइक पर वापस आने के लिए डेविड ने जानबूझकर पहला रन पूरा ही नहीं किया। इस वजह से जहां टीम को एक या संभवतः दो रन मिलने चाहिए थे वहां उनके हाथ कुछ ना लगा। इतना ही नहीं, चूंकि उन्होंने जानबूझकर ऐसा किया था, डेविड की टीम होबार्ट हरिकेन्स को क्रिकेट के नियम 18.5.1 के तहत पांच रनों का हर्जाना भरना पड़ा।

इस पूरे प्रकरण में स्ट्राइक डेविड के पास ही रही और उन्होंने अपनी टीम के लिए पांच और रन बनाए - दो अंतिम गेंद पर जो कमर के ऊपर की फुल टॉस होने के कारण नो-बॉल करार की गई।

और दो फ़्री-हिट पर। अपने निर्धारित 20 ओवरों में हरिकेन्स ने छह विकेट के नुक़सान पर 180 रन बनाए और स्टार्स ने अपनी पारी की शुरुआत पांच रनों के साथ की।

डेसिफर लैब्स लिमिटेड का स्टॉक कम समय में 150 प्रतिशत से अधिक का जबरदस्त रिटर्न देते हुए प्रगति के पथ पर

मुंबई। सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग में सेवाएं और प्रमुख समाधान प्रदान करने में लगे बीएसई सूचि बद्ध डेसिफर लैब्स लिमिटेड,(बीएसई कोड :524752) के निदेशक मंडल ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया है कि यह विस्तार लक्ष्यों की दिशा में आक्रामक रूप से काम कर रहा है और फार्मा एवं सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में व्यवसायों के अधिग्रहण के विकल्पों सहित कंपनी के कारोबार के विस्तार के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का और विस्तार करने के उद्देश्य से, कंपनी, अपनी सहायक कंपनी के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी और ऑगमेंटेड रियलिटी स्पेस (जो वर्तमान में मेटावर्स स्पेस के रूप में प्रचलित है), में प्रवेश करना चाह रही है। कंपनी ने वर्चुअल रियलिटी, ऑगमेंटेड रियलिटी और वीडियो जहां उपयोगकर्ता डिजिटल ब्रह्मांड के भीतर रहते हैं, सहित प्रौद्योगिकी के कई तत्वों के संयोजन के विकास और मार्केटिंग के लिए यूएस आधारित एक कंपनी के साथ बातचीत शुरू की है।

प्रक्रिया विकास के प्रारंभिक चरण में है और कंपनी इसे अंतिम रूप देने के बाद उचित परिश्रम और व्यवहार्यता रिपोर्ट के बाद, व्यवस्था के सही स्वरुप और शर्तों को अपडेट करेगी।

बॉक्सर ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए आखिरकार अपनी सफाई दी

मुझे ट्रायल के लिए उपस्थित होने में कोई परेशानी नहीं: लवलीना

नई दिल्ली (वार्ता)। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफइंडिया (बीएफआई) उस समय मुश्किल में आ गया, जब राष्ट्रीय चैंपियन अरुंधति चौधरी ने विश्व चैंपियनशिप के लिए बिना ट्रायल के 70 किग्रा वर्ग में ओलंपिक कांस्य विजेता लवलीना बोर्गोहैन को नामित करने के अपने फैसले को अदालत में चुनौती दी। हालांकि, प्रतियोगिता को मई, 2022 तक स्थगित करने के साथ, महासंघ ने न्यायालय को जानकारी दी है कि इसके लिए नए सिरे से ट्रायल किए जाएंगे और सभी को एक उचित मौका मिलेगा।

बोर्गोहैन ने अभी तक इस मामले पर चुप्पी साध रखी थी। लेकिन, बॉक्सर ने इस पर चुप्पी तोड़ते हुए आखिरकार अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा, 'मुझे ट्रायल के लिए उपस्थित होने में कोई समस्या नहीं है। मैं हमेशा अपने महासंघ के निर्णय को मानती हूं। ट्रायल नहीं कराने का निर्णय महासंघ का था, मैंने इसे स्वीकार कर लिया था। अब यदि महासंघ ट्रायल करना चाहता है, तो मुझे कोई समस्या नहीं है। मैं एक फाइटर हूं और सिर्फ रिंग में लड़ने में विश्वास करती हूं।'

लवलीना ने टोक्यो 2020 के सेमीफाइनल में स्वर्ण पदक विजेता बुसेनाज सुरमेनेली से हारने के बाद से किसी भी प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है। उन्हें तुर्की बॉक्सर ने खतरनाक हुक और बॉडी शॉट्स के साथ वश में करते हुए मात दी थी। हालांकि, असमिया मुक्केबाज ने उस हार को पीछे छोड़ दिया है, लेकिन उस बाउट के बारे में फिर से सोचने पर उन्हें दुख होता है।

उन्होंने याद करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मैं अपने प्रशिक्षण की कमी के कारण वह मुकाबला हार गई। कोविड-19 और मेरी व्यक्तिगत चोटों के कारण मैं ज्यादा प्रशिक्षण नहीं ले सकी। ओलंपिक के लिए आप अलग तरह से तैयारी करते हैं। लेकिन, मुझे लगता है कि मैं ऐसा नहीं कर सकी। अगर, मैं लगातार ट्रेनिंग करती, तो उसे हरा देती।'

थोड़ा रुकने के बाद उन्होंने आगे कहा, 'टोक्यो में मेरे दिमाग में गोल्ड मेडल के अलावा कुछ नहीं था।÷बहरहाल, बोर्गोहैन वर्तमान में पूरे जोश के साथ प्रशिक्षण ले रही हैं और पेरिस 2024 में अपने पदक के रंग को बदलने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। उन्होंने अपनी कमजोरियों का पता लगा लिया है और उन पर काम कर रही हैं, ताकि वह मजबूत होकर वापसी कर सके। विश्व चैम्पियनशिप में देरी उनके लिए वरदान साबित हो रही है क्योंकि, वह इस समय का सदुपयोग अपने कौशल में सुधार करने में कर रही हैं।

उन्होंने खुलासा किया, 'मैं अपनी ताकत पर काम करने के लिए इस समय का इस्तेमाल कर रही हूं। मैंने पहले भी कहा था कि मुझे अपनी ताकत में सुधार करने की जरूरत है। इसलिए, पिछले चार महीनों से मैं स्ट्रेंथ प्रशिक्षण ले रही हूं। इसके बाद अब मैं काफी बेहतर महसूस कर रही हूं। इसलिए, मैंने जो ब्रेक लिया, वो बहुत सकारात्मक है।'

NHIDCL
अवसंरचना निर्माण- राष्ट्र निर्माण

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

कॉरपोरेट कार्यालय : तृतीय तल, पीटीआई बिल्डिंग, -4 संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001

फा.सं. एनएचआईडीसीएल/ 2(9)/रिक्रूट टेक एंड फिन/2021/एचआर

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड की स्थापना भारत सरकार द्वारा सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अधीन एक निगम के रूप में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और पड़ोसी देशों के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों का तेजी से निर्माण/ उन्नयन/ चौड़ीकरण करने के लिए की गई है।

एनएचआईडीसीएल में निम्नलिखित पदों हेतु प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण आधार पर ऐसे ऊर्जावान, प्रभावकारी और अनुभवी पात्र अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जो केन्द्र/ राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के मंत्रालयों/ विभगों, भारतीय थल सेना/ नौसेना/ वायुसेना, सीमा सड़क संगठन (जीआरईएफ) केन्द्र/राज्य के स्वायत्त निकायो, केन्द्र/ राज्य के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्य कर रहे हों :-

क्र.स.	पदों का नाम	रिक्तियों की संख्या	सी डी ए पैटर्न में वेतन मैट्रिक्स लेवल
1.	कार्यपालक निदेशक (तकनीकी/ परियोजना)	02	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-14 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 10,000/- रुपये सहित 37,400-67,000/- रुपये का वेतन बैंड-04)
2.	कार्यपालक निदेशक (वित्त और मानव संसाधन /प्रशासन)	01	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-14 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 10,000/- रुपये सहित 37,400-67,000/- रुपये का वेतन बैंड-04)
3.	महाप्रबंधक (तकनीकी/ परियोजना)	10	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 8,700/- रुपये सहित 37,400-67,000/- रुपये का वेतन बैंड-04)
4.	महाप्रबंधक (वित्त)	01	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 8,700/- रुपये सहित 37,400-67,000/- रुपये का वेतन बैंड-04)
5.	महाप्रबंधक (विधिक)	01	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 8,700/- रुपये सहित 37,400-67,000/- रुपये का वेतन बैंड-04)
6.	महाप्रबंधक (भूमि अर्जन और समन्वयन)	03	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-13 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 8,700/- रुपये सहित 37,400-67,000/- रुपये का वेतन बैंड-04)
7.	उप- महाप्रबंधक (तकनीकी/ परियोजना)	20	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 7,600/- रुपये सहित 15,600-39,100/- रुपये का वेतन बैंड-03)
8.	उप- महाप्रबंधक (वित्त)	05	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-12 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 7,600/- रुपये सहित 15,600-39,100/- रुपये का वेतन बैंड-03)
9.	प्रबंधक (वित्त)	08	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 6,600/- रुपये सहित 15,600-39,100/- रुपये का वेतन बैंड-03)
10.	प्रबंधक (तकनीकी/परियोजना)	20	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 6,600/- रुपये सहित 15,600-39,100/- रुपये का वेतन बैंड-03)
11.	प्रबंधक (मानव संसाधन/प्रशासन)	02	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 6,600/- रुपये सहित 15,600-39,100/- रुपये का वेतन बैंड-03)
12.	प्रबंधक (विधिक)	01	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 6,600/- रुपये सहित 15,600-39,100/- रुपये का वेतन बैंड-03)
13.	उप- प्रबंधक (मानव संसाधन/प्रशासन)	01	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-9 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 5,400/- रुपये सहित 9,300-34,800/- रुपये का वेतन बैंड-02)
14.	उप- प्रबंधक (वित्त)	01	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-9 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 5,400/- रुपये सहित 9,300-34,800/- रुपये का वेतन बैंड-02)
15.	सहायक प्रबंधक (मानव संसाधन/प्रशासन)	03	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (संशोधन -पूर्व के ग्रेड वेतन 4,800/- रुपये सहित 9,300-34,800/- रुपये का वेतन बैंड-02)

*आवश्यकतानुसार, पदों की रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। इसके अतिरिक्त, एनएचआईडीसीएल के पास यहां दर्शायी गयी तथा भविष्य में संभावित रिक्तियों के लिए चयनित अभ्यर्थियों का एक पैनल तैयार करने का अधिकार सुरक्षित है।

आवेदन-पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि : रोजगार -समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 06 (छह) सप्ताह। रोजगार-समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com पर प्रदर्शित की जाएगी।

पात्रता मानदंडों तथा विस्तृत निबंधन एवं शर्तों के लिए कृपया एनएचआईडीसीएल की वेबसाइटच www.nhidcl.com को देखिये।

आवेदन-पत्र केवल ऑन लाइन तरीके से जमा किए जाएंगे, जिसके लिए एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट www.nhidcl.com पर लिंक दिया गया है।

किसी भी परिस्थिति में व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा ई-मेल के माध्यम से भेजे गए किसी भी आवेदन-पत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोट :-1. अभ्यथियों की पात्रता (अर्थात आयु, सेवा-अवधि आदि) के निर्णय हेतु प्रभावी तिथि 01.01.2022 होगी।

नोट :- 2. प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण आधार पर आवेदन-पत्र जमा करने वाले अभ्यर्थी के लिए उचित माध्यम से भी अपना आवेदन-पत्र जमा करना आवश्यक होगा। पद के संक्षिप्त सूचीबद्ध (शार्ट लिस्टेड) किए जाने के पश्चात भी अभ्यर्थी को साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति तभी दी जाएगी जब उचित माध्यम से प्राप्त आवेदन के साथ उसके मूल संगठन से भेजी गयी गत पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर)/वार्षिक कार्य- निष्पादन मूल्यांकन रिपोर्ट (एपीएआर) की प्रतियां, अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) और सतर्कता निर्बाधन प्रमाण-पत्र (वीसी) संलग्न होगा।

नोट :- 3. सेवानिवृत्त अधिकारी जिन्होंने सरकारी नौकरी की हो और विहित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों, वे ही संविदा आधार पर इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

नोट :- 4. इस रिक्त-पद संबंधी परिपत्र में कोई भी परिवर्तन अथवा संशोधन केवल एनएचआईडीसीएल की वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा।

नोट :- 5. अपूर्ण अथवा निर्धारित तारीख के बाद प्राप्त किए गए आवेदन-पत्रों को तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा।

davp 37112/11/0006/2122 — **उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन)**

अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण

पुलिस के नाक नीचे जगह-जगह चल रहा सट्टा का अवैध कारोबार

देवभोग/नवप्रदेश। वर्षों से सट्टे का कारोबारी अमलीपदर क्षेत्र में अपनी पैर पसारे जगह-जगह सट्टा का कारोबार कर रहे हैं। बताया जाता है कि सिर्फ अमलीपदर, कुहीमाल, साईडीगरी, डेंडुपदर, धनोरा, पानीगांव, गुढ़ियारी मुद्देलमाल सरनाबहाल गांव पर रोजाना 5 से 7 लाख का सट्टा में खेल होता है। क्योंकि इस गांव में अक्सर सट्टा के खाईवाल बैठे हुए हैं। मजदूर छोटे छोटे कारोबारी अपने दिन भर की कमाई को सट्टा में लगाकर पूरी पूरी राशि गांव रहे तो वहीं सट्टा कारोबारी दिन-ब-दिन मालामाल होते जा रहे हैं। आलम तो यह है कि स्कूल के छात्र भी इस सट्टा से अछूता नहीं है। पढ़ाई लिखाई काम धंधा छोड़ कर सट्टा के गुणा भाग में लगे होते हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस पैमाना में सट्टा

का कारोबार फल फूल रहा है। अब तो कारोबारी सीधा मोबाइल पर ही अपना कारोबार संचालित कर रहे हैं। सट्टा की कटिंग करने से लेकर ओपन क्लोज की राशि तक फोन के माध्यम से कर रहे हैं। जिससे स्थानीय पुलिस प्रशासन भी लगभग अवगत है। लेकिन कार्यवाही तो दूर की बात है। सट्टा कारोबारी पर शिकंजा तक नहीं कसा जा रहा है। यही कारण है कि पहले की तुलना वर्तमान में गांव-गांव पर धड़ल्ले से सट्टा का कारोबार चल रहा है। जिसका खामियाजा ग्रामीण महिलाओं को उठाना पड़ रहा। क्योंकि अक्सर मजदूर वर्ग के लोग सट्टा में कमाई को हार कर अपनी पत्नी पर भड़ास निकालते हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा समय सीमा के भीतर सट्टा कारोबारियों के खिलाफ मुहिम चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए जाते हैं। लेकिन वह निर्देश जिला पुलिस कार्यालय से होकर थाना पर ही दम तोड़ देती है। तभी सट्टा कारोबारी अपना अपना पैर पसारने में कामयाब है। आश्चर्य की बात तो यह है कि अमलीपदर कुहीमाल सहित आसपास के गांव के चौक चौराहा में खुलेआम सट्टा का लेखा-जोखा होता रहता है। लेकिन पुलिस प्रशासन की निगाहें उन कारोबारी तक नहीं पहुंच पाती। इससे सट्टा कारोबारियों के हौसले और भी ज्यादा बुलंद नजर आते हैं।

> मैंने डेंडूपदर पर सट्टा वालों के खिलाफ कार्यवाही की है और आगे भी लगातार कार्रवाई की जाएगी।
>
> **नवीन राजपूत,** थाना प्रभारी अमलीपदर

सशिमं में राष्ट्रीय गणित दिवस का किया गया आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय खरोरा में 22 दिसम्बर को महान गणितज्ञ निवास रामानुजन की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि चंद्रकुमार डड़सेना (प्रांतीय संस्कार केन्द्र प्रमुख) विशिष्ट अतिथि दिनेश तिवारी पूर्व आचार्य वर्तमान में व्याख्याता गणित व अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर ने किया। अतिथियों ने राष्ट्रीय गणित दिवस पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गणित जैसे कठिन विषयों को सरल करने का अच्छा प्रयास विद्या भारती ने की है। इस प्रकार का आयोजन प्रति वर्ष होनी चाहिए। कार्यक्रम में विभिन्न वर्ग के भैया/बहनों ने भाग लिया, जिसमें शिशु वर्ग में 100-01 उल्टी गिनती, सीधी गिनती 21 से 25 तक पहाड़ा, प्रश्नमंच, भाषण, चित्रकला, रंगोली, गणित प्रादर्श, गणित चार्ट, पहेलियां, मापन, लिखित प्रश्न, स्वरचित कविता, गणित मॉडल कक्षा द्वादश के भैया वेदप्रकाश निषाद व बहिन रोशनी वर्मा ने महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन भास्कराचार्य, आर्यभट्ट के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में 35 भैया, 60 बहनें समेत कुल 95 भैया-बहनों ने भाग लिया।

श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

खरोरा/नवप्रदेश। खरोरा के भगवती आरा मिल के पास केशला (खरोरा) श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ 22 दिसंबर को हुआ है। यह कथा यज्ञ 30 दिसंबर तक चलेगी। शुभारंभ अवसर पर कलश यात्रा मंदिर परिसर से पूरे नगर का भ्रमण करते हुए कथा स्थल तक पहुंची और देवी भागवत कथा व्यास पंडित चंदन प्रसाद शर्मा वाले के श्री मुख से नौ दिवसीय कथा सुनेंगे। पंडित चंदन प्रसाद शर्मा ने कहा कि श्रीमद् देवी भागवत कथा सुनने से कलयुग में पापों का नाश होता है। श्रीमद् देवी भागवत कथा पूर्वजों को मोक्ष देने वाली है और हिंदू धर्म भागवत कथा का पाठ जरूर सुनना चाहिए। यह अवसर पर भारी संख्या में नगरवासी श्रद्धालुगण ने धर्म लाभ अर्जित किया।

रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। भरत देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्रामीण विकास के लिए युवा विषय पर आयोजित है। दूसरे व तीसरे दिवस परियोजना कार्य के अंतर्गत खेल मैदान का समतलीकरण व कटीले पौधों की वृहत रूप में साफ-सफाई की गई। इसी प्रकार तालाब के घाटों का व्यापक रूप से सफ ाई कर जनजागरूकता लाने का प्रयास किया गया। ग्रुप दल नायक धनंजय वर्मा, हेमराज सेन, मयंक यादव, जानी डहरिया, झरना साहू के नेतृत्व में स्वयं सेवी जीत सक्सेना, हीरामणि देवांगन, कोमल नायक, शुभम देवांगन, सागर कुम्भकार, खेमलाल यादव, मनीषा पाल, अनामिका यादव, खुशी डहरिया ने अपने कार्य को उत्साहपूर्वक सम्पन्न किया।

बौद्धिक परिचर्चा के अन्तर्गत जल संरक्षण के लिये युवा विषय पैट आज प्रमुख वक्ता रजनी मिंज, प्राचार्य हरीश देवांगन उप प्राचार्य, पुरषोत्तम देवांगन व्याख्याता थे। रजनी मिंज प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान में जल संकट की समस्या देश की ही नहीं वरन पूरी विश्वव्यापी समस्या बन गई है। इसके लिए युवाओं को बढ़ चढ़ कर आगे आना होगा। दुनिया भर के जल वैज्ञानिकों की राय है कि वर्षा जल का संरक्षण करके भूजल स्टेट को रोका जाना चाहिए। हरीश देवांगन उपप्राचार्य ने अपने अभिव्यक्ति प्रकट करते हुए कहा कि जिस राष्ट्र के पास जल संसाधन जितना अधिक होता है। वह राष्ट्र उतना ही समृद्ध माना जाता हैं।जल प्रकृति का एक अमूल्य वरदान है। यह जीवन का एक प्रमुख साधन है। लोगों में जल संरक्षण के प्रति रूचि जागृत करना पड़ेगा। पुरुषोत्तम देवांगन व्यख्याता ने कहा कि जल प्रकृति की एक अनमोल धरोहर है। स्वच्छ जल एवं सुरक्षित जल अच्छे स्वास्थ्य की कुंजी है। आज ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम भ्रुवादिह के पांच निर्धन ग्रामीणों सातो यादव, प्यारी निषाद, वृंदा वर्मा, रामहीन ध्रुव, उदय बांधे को कंबल भेंटकर उनके उज्ज्वल स्वास्थ्य व सुखद जीवन की कामना की गई।

पशुपालन के लिए देशव्यापी किसान क्रेडिट कार्ड अभियान

कवर्धा/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में 15 फरवरी 2022 तक देशव्यापी विशेष केसीसी अभियान चलाकर पशु पालन एवं मत्स्य पालन से जुड़े हुए कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराया जा रहा है। कलेक्टर रमेश शर्मा के निर्देशानुसार अधिक से अधिक पशुपालकों को अल्पकालिक ऋ ण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पशुधन विकास विभाग को विशेष पशु पालन संबंधित किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्यों की पूर्ति हेतु जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में प्रत्येक सप्ताह केसीसी शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में 22 दिसंबर को कलेक्टर के मार्गदर्शन में ग्राम बाजार चारभाठा विकासखण्ड सहसपुर लोहारा, ग्राम कुंडा विकासखण्ड पण्डरिया तथा ग्राम भेलवाटोला, विकासखण्ड-बोड़ला में देश व्यापी (एएचडीएफ-केसीसी) किसान क्रेडिट कार्ड अभियान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गौपालन के लिए 81, बकरी पालन के लिए 7 तथा मुर्गीपालन के लिए 1 प्रकरण तैयार किए गए है। शिविर में उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. राजेन्द्र भगत के साथ अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे। देशव्यापी एएचडीएफ केसीसी अभियान अंतर्गत शिविर के लिए जिला कबीरधाम के सभी विकासखण्ड में निर्धारित कार्यक्रम अनुसार शिविर प्रस्तावित है।

मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

गुंडरदेही/नवप्रदेश। गैरेज के अंदर चार्जिंग में लगे मोबाइल को चोरी कर ले जाने वाले चोर को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की मोबाइल भी बरामद कर ली गई है। मामला अर्जुंदा थाना क्षेत्र का है। कमलेश्वर साहू पिता ओम प्रकाश साहू 22 वर्ष निवासी ग्राम टिकरी ने 28 जून 2021 के लगभग सुबह 11.30 बजे अपने वीवो कंपनी का मोबाइल सेट, कीमती 9000 रूपये जिसे गैरेज के अंदर लगे स्वीच मे चार्जिंग के लिये लगाया था जिसे निकालने के लिये देखा तो उक्त वीवो कंपनी के मोबाईल सेट नहीं था, कोई अज्ञात चोर द्वारा चार्जिंग में लगे स्विच से निकाल कर मोबाईल को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया था। प्रकरण की विवेचना दौरान प्रकरण में चोरी गये मोबाईल के आईएमईआई नंबर का सायबर सेल बालोद से लोकेशन लिया गया जिसके आधार पर आरोपी नोमेश पिता स्व ऐनु राम ठाकुर 30 साल निवासी वार्ड क्रमांक 07 अर्जुन्दा को गिरफ्तार कर लिया गया।

मुरा में 28 को गुरु घासीदास जयंती मनायी जाएगी

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम मुरा में बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह का आयोजन 28 दिसम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरसींवा विधायक अनिता शर्मा होंगी। जबकि विशिष्ट अतिथि सुमन देवव्रत नायक अध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, टिकेश्वर मनहरे उपाध्यक्ष जनपद पंचायत तिल्दा, कंचन टोकेन्द्र गायकवाड़ सभापति जनपद पंचायत तिल्दा, नूतन ध्रुव (सुजीत कोशले) सरपंच ग्राम पंचायत मूरा, पुष्पा भगवती साहू उपसरपंच ग्राम पंचायत मुरा, पंचगण ग्राम पंचायत मूरा एवं समस्त क्रशर मालिक मूरा होंगे। संध्या 4 बजे जैत खाम पर पालो चढ़ाया जाएगा। मनोरंजन के लिए रात्रि में लोक कलामंच कार्यक्रम सुर मोहनी गोफेलाल गेंदले हरियपुर नवागढ़ की प्रस्तुति होगी।

जलकी और छपोराडीह में ड़ेढ़ करोड़ के विकास कार्यों की विधायक ने दी सौगात

■ **संसदीय सचिव ने पानी टंकी सहित नाली निर्माण व सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन**

महासमुन्द। विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत जलकी और छपोराडीह को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर करीब डेढ़ करोड़ की सौगात मिली है। आज गुरूवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जल जीवन मिशन के पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य सहित नाली निर्माण व सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।

आज गुरुवार को ग्राम पंचायत जलकी व छपोराडीह में पानी टंकी निर्माण व पाइपलाइन विस्तारीकरण कार्य के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू ने की। विशेष अतिथि के रूप में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के सदस्य मोहित ध्रुव, जनपद उपाध्यक्ष त्रिलोकी राधेश्याम ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, खिलावन बघेल, संजय शर्मा, जसबीर ढिल्लो, तुलाराम साहू, रमेश चौधरी, यादबाई ध्रुव, दिलीप जैन, दिलीप चंद्राकर, माणिक साहू, गजेंद्र साहू, केशव चौधरी, राधेश्याम ध्रुव, विश्राम सिंह ध्रुव, गजानंद पटेल, पारस पटेल मौजूद थे।

संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र को आज करीब डेढ़ करोड़ की सौगात मिली है। जल जीवन मिशन के तहत ही करीब एक करोड़ चालीस लाख रूपए की लागत से पानी टंकी व पाइपलाइन का विस्तार किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से मुक्ति मिल सकेगी। इसके अलावा सड़क, नाली व सामुदायिक भवन की मांग भी पूरा होने जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार ने तीन साल के कार्यकाल में जनता से किये 36 बिंदुओं में से आधे से अधिक वादों को पूरा कर कीर्तिमान रचा है। गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना साकार हो रहा है। वादा निभाने में भूपेश सरकार अव्वल है। ढाई साल के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ खुशहाल हुआ है, किसान आर्थिक रूप से मजबूत हुआ हैं।

इसी वजह से पूरे देश में श्री बघेल नंबर वन मुख्यमंत्री बनने का भी कीर्तिमान बनाया है। उन्होंने ग्राम छपोराडीह में सितला मंदिर में आहाता निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्णिमा साहू, रिमन ध्रुव, मालती साहू, रामजी ध्रुव, ताराचंद चौधरी, पीलू साहू, मिलाप ध्रुव, कुमार पटेल, कृष्ण कुमार पटेल, ठाकुर राम यादव, ऋ षि पटेल, होरीलाल पटेल, उमाशंकर साहू, हीरालाल निषाद, बिसौहा राम ध्रुव, सागर पटेल, गुलाब ध्रुव, महादेव नेताम, गेंदलाल ध्रुव, जयंत ध्रुव, रतन साहू, संतोष साहू, तुलसी पटेल, सागर पटेल, बृजलाल, रंभा बाई पटेल, पान बाई, मेहतरीन बाई, फ लेश्वरी, मोहन प्रजापति साधुराम आदि मौजूद थे।

सीआईएसएफव सेना में चयनित होकर कर लौटे दो युवा, ग्रामीणों ने सर आंखों पर बिठाया

बालोद। सीआईएसएफ व सेना में चयनित होकर ट्रेनिंग पूरा करके जब दो युवा अपने-अपने गांव लौटे तो ग्रामीणों ने उनका स्वागत सम्मान किया। बाजे गाजे के साथ थाल सजाकर उनकी आरती उतारी। ग्रामीणों ने देश सेवा की प्रेरणा देते हुए युवाओं को सर आंखों पर बिठाया। यह आयोजन हुआ ग्राम कोहंगाटोला व गोड़ेला में। कोहंगाटोला में लेखराम देवांगन का चयन सीआईएसएफ में हुआ है। उनके पिता चंपा लाल देवांगन कृषि से जुड़े हैं। मध्यप्रदेश नीमच में ट्रेनिंग में गए थे। 9 माह की ट्रेनिंग लेकर उनका बेटा लौटा। इस दौरान परिजन सहित सरपंच हिरौंदी छगन साहू, ग्राम पटेल गुमान देवांगन, सन्तोष देवांगन गोविंद देवांगन, समस्त ग्रामवासियों ने युवक का स्वागत सम्मान किया।

इसी तरह गोड़ेला में भी युवाओं ने उत्कृष्ट पहल की। 4 सालों से कड़ी मेहनत कर सफलता को प्राप्त कर तामेश्वर निर्मलकर पिता गोपीराम निर्मलकर का सेना में चयनित होने के पश्चात प्रथम घर आगमन पर परिवार, मित्रजन एवं ग्राम निवासियों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। युवाओं का मुख्य उद्देश्य अन्य युवा जो सेना व पोलिस की तैयारी में है, उनको प्रेरित करना है।

कमला कॉलेज की छात्राओं को सॉफ्ट बेसबॉल एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव की पल्लवी जंघेल बीए अंतिम वर्ष एवं लुकेश्वरी बी. कॉम द्वितीय वर्ष में नेपाल में आयोजित एशियन सॉफ्ट बेसबॉल प्रतियोगिता में छग का प्रतिनिधित्व किया एवं फाईलन में बांग्लादेश को 39-10 से हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके पूर्व मैचों में नेपाल से 49-3 एवं द्वितीय मैच में श्रीलंका से 10-0 से विजयी रही। दोनों छात्राओं की इस सफलता पर प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल, डॉ. जीपी रात्रे, डॉ. एचके गरचा, डॉ. लाली शर्मा, डॉ. नीता एस. नायर एवं महाविद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। ज्ञात हो कि वर्ष 2019-20 में भी महाविद्यालय की दो छात्राएं पल्लवी यादव एवं एकता जंघेल ने भी पुणे में आयोजित वर्ल्डकप पेशापोलो खेल में कांस्य पदक प्राप्त किया था। ये दोनों छात्राएं ओमान नारायण ताम्बोली के मार्गदर्शन में कई वर्षो से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह उपलब्धि महाविद्यालय परिवार के साथ-साथ यह पूरे छग राज्य के लिए गौरव का विषय है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

किसानों को दाम, युवाओं ...

समूहों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कार्यक्रम में कहा कि जिन समाजों ने महिलाओं की अनदेखी, उपेक्षा और उन्हें घर की चहारदीवारी में बंद करने का प्रयास किया है, उन्हें पराभव का मुख देखना पड़ा है। पुराने समय में महिलाओं को शिक्षा और रोजगार से दूर रखा गया। उन्हें चहारदीवारी में बंद कर उपभोग की वस्तु बना दी गई। देश की आजादी के समय महिलाओं को संपत्ति रखने तक का अधिकार नहीं था। देश का संविधान बनने के बाद राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और संवैधानिक तौर पर महिलाओं के उत्थान के काम हुए, पर अनेक कोशिशों के बाद भी 'आधी आबादी' को पूरा हक नहीं मिल पाया है।

जिला व जनपद और...

ठाकुर राम सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग के अधीक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में त्रिस्तरीय पंचायतों के निर्वाचक नामावली एवं निर्वाचन का कार्य संपन्न होगा। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्णय लिया है कि प्रदेश के ग्राम पंचायतों के सरपंचों और पंचों का आम/उपनिर्वाचन की कार्रवाई 24 दिसंबर से से प्रारंभ होकर 24 जनवरी 2022 तक संपन्न होगा।

स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित निर्वाचन संपन्न कराने के लिए आयोग द्वारा आवश्यक तैयारियां कर ली गई है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के आम/उपनिर्वाचन के लिए जिलानिर्वाचन अधिकारियों को विहित कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की कार्रवाई सम्पन्न कराने के निर्देश प्रसारित कर दिए गए हैं।

हरभजन ने क्रिकेट...

के साथ कमिटमेंट की वजह से मैं चाहता था कि मैं आईपीएल 2021 सीजन में रहूं, लेकिन सीजन के दौरान ही मैंने संन्यास लेने का मन बना लिया था। वैसे हर क्रिकेटर की तरह मैं भी टीम की इंडिया जर्सी में क्रिकेट को अलविदा कहना चाहता था, लेकिन तकदीर को कुछ और मंजूर था।

हरभजन ने कहा, क्रिकेट करियर की बात करूं तो सबसे पहली खुशी मुझे तब मिली जब मैंने कोलकाता में हैट्रिक ली थी और मैं पहला भारतीय गेंदबाज बना, जिसने टेस्ट क्रिकेट में हैट्रिक ली। साथ ही साथ ही इस सीरीज में मैंने तीन मैचों में 32 विकेट लिए। यह रिकॉर्ड अब तक बरकरार है।

अगले सप्ताह लिया...

चुनाव अगले साल की शुरुआत में होने वाले हैं। लेकिन कोरोना के अधिक संक्रामक वैरिएंट ओमिक्रॉन के तेजी से फैलने की आशंका के चलते इन चुनावों को स्थगित करने की मांग बढ़ रही है। मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा के हवाले से कहा, ÷अगले हफ्ते, हम उत्तर प्रदेश जाएंगे और वहां की स्थिति की समीक्षा करेंगे। फिर एक उचित निर्णय लेंगे।

अकूत दौलत, कैश..

अपना इत्र कारोबार चला रहे थे।

आयकर विभाग की माने तो पीयूष जैन ने बड़े स्तर पर कर चोरी की है। इसी वजह से उनके कई ऑफिस, स्टोर और कोल्ड स्टोरेज पर अधिकारियों ने रेड मारी है। उनके घर से भी अलमारियों में भारी कैश बरामद हुआ है। उनके बेटे प्रत्यूष जैन से भी सवाल-जवाब किए जा रहे हैं।

निकाय चुनाव के जनादेश ...

फिर भाजपा के प्रति अपने रुझान का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा जनादेश का सम्मान करते हुए अपने लिए जनता द्वारा निश्चित की गई भूमिका के निर्वहन के लिए प्रस्तुत है।

भाजपा ने दी कड़ी चुनौती : साय-

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साय ने कहा कि वादाखिलाफ़ी, छल-कपटपूर्ण राजनीतिक आचरण, मतदाताओं के साथ की गई धोखाधड़ी और हर मोर्चे पर प्रदेश सरकार की विफलताओं से प्रदेशवासी इतने त्रस्त हो चले हैं कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रवींद्र चौबे के अपने गृह ज़िले में उसे भाजपा ने कड़ी चुनौती दी। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता को दरकिनार कर कांग्रेस ने इन चुनावों में भी अपने अलोकतांत्रिक आचरण का प्रदर्शन करते हुए सत्ता-बल की धौंस दिखाकर तमाम हथकंडे अपनाए।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छत्तीसगढ़)
Email-ID- ee-res.kondagaon@nic.in, Fax & Ph. No. 07786-242243
मैनुअल पद्धति वर्ष 2021-22 हेतु सूचना क्रमांक- 18 (पांचवा दौर)
जोनल निविदा आमंत्रण

क्रमांक/18/व.ले.लि./नि.प्र./ग्रा.यां.सेवा/2021-22 कोण्डागांव, दिनांक 22/12/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है सभी कार्यों की निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि 30.12.2022 शाम 5.00 बजे तक।

स. क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रुपए लाख में)
1	2	3
1	रु. 10.00 लाख से कम लागत के विभिन्न भवन/मंच/पुलिया/ बाउंड्रीवाल/नाली/ सड़क एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य -	
	विकासखण्ड माकड़ी - जोन क्रमांक 01	35.00
	विकासखण्ड माकड़ी - जोन क्रमांक 02	35.00
	विकासखण्ड बड़ेराजपुर - जोन क्रमांक 01	35.00
	विकासखण्ड बड़ेराजपुर - जोन क्रमांक 02	35.00

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट http://cg.nic.in/resworks दिनांक 27.12.2021 से देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

जी-66130/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-कोण्डागांव

कार्यालय, उपसंचालक शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी, रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल govt.ayuevediphrmacy@gmail.com दूरभाष एवं फैक्स क्र. 0771-2263437
निविदा सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 1329 दिनांक 21.12.2021

उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी, रायपुर में (छ.ग.) की ओर से निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेता से आयरन रैक प्रदाय करने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत करते हुए रुपए 500.00 नगद भुगतान कर प्राप्त किए जा सकते हैं। उक्त निविदा पत्र संचालनालय (आयुष) रायपुर की वेबसाईट http://cghealth.nic.in/ehealth/dishm/nivida.html पर अवलोकन किया जा सकता है।

निविदा बिक्री की अंतिम तिथि दिनांक 24.01.2022 समय- सायं 04 बजे तक
निविदा डाक से प्राप्त होने/निविदा जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 25.01.2022 समय - दोपहर 02 बजे तक
निविदा की फ्री क्वालीफाईड बीड खोलने की तिथि दिनांक 25.01.2022 समय- दोपहर पश्चात 03 बजे
स्थान - कार्यालय, उपसंचालक, शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी, जी.ई. रोड आयुर्वेदिक कालेज केम्पस, रायपुर (छ.ग.)

जी-66100/2

उपसंचालक,
शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी
रायपुर (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

कॉलेज छात्राओं के लिए निशुल्क बस सेवा प्रारंभ, पूर्व सीएम डॉ. रमन ने किया शुभारंभ

■ जिपं सभापति एवं क्षेत्र क्रमांक 12 की सदस्य भावना बोहरा की सराहनीय पहल

कबीरधाम/नवप्रदेश। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 की सदस्य और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री भावना बोहरा द्वारा संचालित क्षेत्र क्रमांक 12 की महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए निःशुल्क बस सेवा का शुक्रवार को रणवीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के वरिष्ठनेता, पदाधिकारीगण, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में जिले व क्षेत्रवासी उपस्थित थे। रणवीरपुर के बाजार चौक, बस स्टैंड के पास स्थित मैदान में आयोजित कार्यक्रम में भावना बोहरा द्वारा जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 की महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए तीन निःशुल्क बसों का शुभारम्भ किया गया है। यह बस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न ग्रामों में छात्राओं को उनके घर व घर से कॉलेज तक आने जाने हेतु निःशुल्क सेवा प्रदान करेगा। इस निःशुल्क बस सेवा के शुरू होने से थान खम्हरिया, सहसपुर लोहारा एवं कवर्धा महाविद्यालय में विज्ञान संकाय व बीए एवं बीकॉम में अध्ययनरत छात्राओं को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही क्षेत्र क्रमांक 12 व आस-पास के क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को डॉ. रमन सिंह के हाथों से छात्रा प्रतिभा सम्मान से प्रतीक चिन्ह एवं उपहार भेंट कर सम्मानित भी किया गया।

भूपेश सरकार पर साधा निशाना

डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के नेतृत्व में ये तीन वर्ष खुशहाली नही बल्कि बदहाली के तीन वर्ष है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जो वादा किया था उसे पूरा करने में असफल रहे हैं। आज छत्तीसगढ़ अपराध का गढ़ बन गया है, भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं बंद कर दी गयी है, आवास योजना के तहत लाखों परिवारों के बनने वाले घर पर अंकुश लगाने और शराबबंदी के नाम पर घर-घर शराब पहुंचाने का काम राज्य सरकार कर रही है। आज इस सभा में उपस्थित यह ऐतिहासिक जनसमूह यह साफ दिखा रहा है कि राज्य की जनता तीन साल के कुशासन को पहचान गयी है और प्रदेश में परिवर्तन की लहर शुरू हो चुकी है।

बहुत कम लोग होते हैं जो अपने सपने पूरे कर पाते हैं : डॉ. सिंह

पूर्व सीएम डॉ. सिंह ने भावना बोहरा द्वारा बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्सहित करने हेतु महाविद्यालयीन छात्राओं हेतु शुरू किए गए निःशुल्क बस सेवा की सराहना करते हुए कहा कि भावना बोहरा ने जनसेवा का प्रण लेकर जो संकल्प लिया था आज इसे पूरा करने का सराहनीय कार्य किया है। बहुत कम लोग होते हैं जो अपने संकल्पों और सपनों को पूरा कर पाते हैं, लेकिन भावना बोहरा ने जिस समर्पण से जनता के आशीर्वाद और विश्वास के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है उसकी जितनी तारीफ की जाय वह काम है। उन्होंने आगे कहा कि एक ओर भावना बोहरा जिन्होंने जिला पंचायत चुनाव में अपने संकल्प पत्र में महाविद्यालय की छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जो घोषणा थी आज उसे पूरा कर रहीं। इस निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत से क्षेत्र की कई बेटियों को सुरक्षित आवागमन के साथ-साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु आर्थिक सम्बल भी मिलेगा। इस नेक और सराहनीय कार्य के लिए मैं भावना बोहरा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं।

क्षेत्रवासियों के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही भावना

अनिल सिंह ने भी सभा को संबोधित किया उन्होंने कहा कि आज भावना बोहरा द्वारा निरंतर क्षेत्रवासियों के लिए समर्पित होकर कार्य कर रही हैं। क्षेत्र में जनमानस की सुविधा के लिए उन्होंने सबसे पहले निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की और आज तीन एम्बुलेंस हजारों लोगों और उनके परिवार के लिए संजीवनी की तरह 24 घंटे निःशुल्क रूप से सेवारत है। आज क्षेत्र क्रमांक 12 की हमारी बेटियों के लिए भावना बोहरा ने जो संकल्प लिया था उसे पूरा करते हुए महाविद्यालय की छात्राओं के सुरक्षित आवागमन के लिए तीन निःशुल्क बस सेवा का शुभारंभ किया है उसकी जितनी सराहना की जाए वह कम है। मैं इस नेक कार्य और बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन देने हेतु इस सराहनीय प्रयास के लिए भावना बोहरा को बधाई देता हूं।

आज ऋण चुकाने का मिला है सुअवसर

कार्यक्रम की आयोजक भावना बोहरा ने कहा कि उन्होंने जिला पंचायत सदस्य के पूर्व उन्होंने अपने घोषणा पत्र में क्षेत्र क्रमांक 12 की कॉलेज छात्राओं हेतु निःशुल्क बस सेवा प्रारंभ करने का संकल्प किया था। अपने उसी संकल्प को दोहराते हुए छात्राओं को सुरक्षित व सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने एवं शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन देते हुए इस महाविद्यालय में अध्ययनरत क्षेत्र क्रमांक 12 की छात्राओं हेतु इस निःशुल्क बस सेवा की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि आज मैं भावुक हूं। क्षेत्र की जनता ने जिस विश्वास के साथ मुझे एक जनप्रतिनिधि के रूप में अपना स्नेह, विश्वास, समर्थन और सहयोग प्रदान किया आज उसका ऋण चुकाने का मुझे सुअवसर मिला है। यह सभी क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद और सहयोग से यह कार्य आज सार्थक हो सका है जिसके लिए मैं सभी का आभार व्यक्त करती हूं।

कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर राजनांदगांव जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव, पूर्व संसदीय सचिव कोमल जंघेल, पूर्व अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग सियाराम साहू, पूर्व विधायक बेमेतरा अवधेश चंदेल, पूर्व विधायक कवर्धा अशोक साहू, जिला अध्यक्ष बेमेतरा ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट, भाजपा प्रदेश मंत्री विजय शर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रगुर्ज सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशीराम ध्रुव, जिला महामंत्री वीरेंद्र साहू, समस्त 14 मंडल के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, भाजपा युवा मोर्चा, भाजपा महिला मोर्चा, अन्य मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्तागण एवं लगभग दस हजार से अधिक की संख्या में क्षेत्र व जिलेवासी उपस्थित थे।

420 का आरोपी एमपी से गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा ग्रामीण पुलिस ने धोखाधड़ी कर दाल का गबन करने वाले आरोपी को कटनी मध्यप्रदेश से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। ग्रामीण थाना प्रभारी रोशन सिंह राजपूत ने बताया कि धोखाधड़ी से दाल प्राप्त कर अन्यत्र विक्रय करने वाले आरोपी संजय मखीजा को कटनी मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कैलाश बलानी प्रोपराइटर दाल मिल भाटापारा की लिखित शिकायत पर आरोपी के खिलाफ 27 मई को अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि संजय मखीजा निवासी कटनी मध्य प्रदेश द्वारा 60 क्विंटल उड़द दाल कीमती 49 हजार रुपए को राहुल प्लसेस के नाम से सप्लाई करने ऑर्डर देकर उक्त माल को गंतव्य स्थान में ना पहुंचा कर अन्यत्र कही बिक्री कर दिया। जांच उपरांत संजय मखीजा निवासी कटनी मध्य प्रदेश की पतासाजी हेतु टीम गठित कर मध्य प्रदेश रवाना किया गया, जिसे अभिरक्षा में लेकर थाना भाटापारा ग्रामीण लाकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

कृषि महाविद्यालय में मनाया गया राष्ट्रीय किसान दिवस

बेमेतरा/नवप्रदेश। कृषि व उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र साजा बेमेतरा द्वारा राष्ट्रीय किसान दिवस के अवसर पर ''कृषि विश्वविद्यालय आपके द्वार'' कार्यक्रम के तहत कृषि शिक्षा एवं कृषि तकनीकी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय किसान दिवस पूर्व प्रधानमंत्री स्वः चौधरी चरण सिंह जी की स्मरण में प्रति वर्ष की भॉंति इस वर्ष भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में साजा क्षेत्र के किसान, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में किसानों को भारतीय अर्थव्यवस्था में अतुल्यनीय एवं सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा कृषि से संबंधित नवाचारों एवं वर्तमान में उत्पन्न हो रही समस्याओं के निदान हेतु किसानों व वैज्ञानिकों के बीच परिचर्चा की गई। कार्यक्रम में शामिल किसानों को महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आलोक तिवारी द्वारा विभिन्न फसलों के उन्नत बीज एवं पौध समाग्री भेंट की गई।

टीका तुंहर दुवारी अभियान में किया गया रिकार्ड तोड़ टीकाकरण

कबीरधाम। कबीरधाम जिले में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के शत-प्रतिशत लोगों का कोविड टीकाकरण करने के उद्देश्य से टीका तुंहर दुआरी नाम से विशेष टीका महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले में अब तक का सर्वाधिक 50,000 से अधिक टीकाकरण किया गया। टीकाकरण का यह क्रम सुबह से रात चलाए जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छूटे हुए लोगों को टीकाकृत किया। कोरोना संक्रमण व इसके नए वैरिएंट ओमिक्रॉन की रोकथाम तथा इससे बचाव का प्रयास करते हुए कोरोना टीकाकरण को प्राथमिकता में रखा गया है। इसी क्रम में जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में टीका तुंहर दुआरी नाम से विशेष अभियान चलाकर हजारों लाभार्थियों को पहली व दूसरी डोज का टीका लगाया गया। कबीरधाम जिले को कोविड मुक्त रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। रोजाना टीकाकरण सत्र आयोजित किया जा रहा है। गत माह भी जिले में 22 से 28 टीका सप्ताह मनाया गया, जिसमें 7 दिनों में कुल 92,000 लोगों को टीकाकृत किया गया था। सप्ताह में शनिवार-रविवार को विशेष टीका दिवस में 38,000 लोगों को टीकाकृत करने के बाद तीसरी बार एक बड़े लक्ष्य के साथ टीका तुंहर दुआरी टीकाकरण विशेष अभियान के लिए प्रयास किया गया, जिसमें लगभग 50ए000 से अधिक लोगों को टीकाकृत किया गया।

घासीदास जयंती व लोकार्पण समारोह आज

उतई/नवप्रदेश। गुरु घासीदास गुरुद्वारा सेवा समिति उतई में आज गुरु घासीदास जयंती व सामुदायिक भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें दोपहर 12 बजे से शांतिबाई चेलक का चौका आरती, 1 बजे अतिथि स्वागत, ध्वजारोहण, लोकार्पण व उदबोधन, शाम 4 बजे प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय निकाय मंत्री डॉ शिव डहरिया होंगे। अध्यक्षता गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू करेंगे। गुरु घासीदास सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष एसके केशकर, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, उपाध्यक्ष रविंद्र वर्मा, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़, पार्षद दीपमाला देशलहरे, पूर्व पार्षद विष्णु देशलहरे, पूर्व एल्डरमैन तरुण बंजारे, गुरुद्वारा समिति के संरक्षक कमल टंडन विशेष अतिथि होंगे।

निधन – एनआर साहू

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम मोपका निवासी एनआर साहू का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम मोपका में किया गया। वे विष्णु प्रसाद साहू सेवा निवृत्त शिक्षक के पिता एवं जनपद सदस्य क्षेत्र क्रमांक 19 चन्द्र प्रकाश साहू, सत्यप्रकाश साहू उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छत्तीसगढ़ के दादा जी थे।

ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले चोरों का गिरोह पुलिस के गिरफ्त में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी कोमलचंद गोलछा के बसंतपुर गंज मंडी रोड़ स्थित ज्वेलरी दुकान में दिनांक 18-19 दिसंबर 2021 के दरम्यानी रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा धावा बोलकर चांदी के लगभग 2,50,000 रूपये के आभूषणों की चोरी की थी। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण द्वारा मामले को संज्ञान में लेते हुये आरोपी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम के मार्गदर्शन में एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय (भापूसे) के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिस पर थाना प्रभारी आर्शिवाद रहटगांवकर को टीम प्रभार दिया गया, उनके मार्ग दर्शन में उनके टीम में लगातार अज्ञात चोरों पीछा करती रही आने जाने वाले रास्तों पर निगाहें रखी गई व चौक-चौराहों में लगे सीसीटीवी फु टेज को भी खंगाले गये जिस पर लगभग 150 बदमाशों को चेक किया गया, उसके संपर्क सूत्र को खंगाले गये अथक प्रयास के बाद चोरों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये आरोपियों में 3 नाबालिग तथा एक बालिक सालिक ढीमर पिता जेठू ढीमर उम्र 22 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 41 ढीमर पारा बसंतपुर राजनांदगांव थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव से पूछताछ करने पर अपना गुनाह कबूल किये। आरोपी एवं उसके साथी द्वारा गोवा घुमने के लिए पैसों की जरूरत होने पर चोरी का प्लान बनाकर घटना को अंजाम दिया गया। आरोपी के मेमोरण्डम कथन के आधार पर चोरी करने में उपयोग किये गये लोहे के राड़ व लोहे के आरी पत्ती तथा चोरी किये गये चांदी के लगभग 3 किलो 600 ग्राम विभिन्न जेवरात एवं आर्टीफिशियल सोने के 340 ग्राम लगभग जुमला कीमती लगभग 3,00000 रूपये (तीन लाख रूपये) एवं इलेक्ट्रानिक तौल मशीन को बरामद करने में सफलता प्राप्त हुई।

कड़ाके की ठंड में महापौर और आयुक्त ने बांटा गरीबों को कंबल

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर हेमा देशमुख और नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने शहर में पड़ रही कड़ाके की ठंड में घूम-घूमकर शहर के चौक-चौराहे में गरीबों को कंबल बांटा और शहर के चौक-चौराहे में अलाव की व्यवस्था की, जिसमें उन्होंने महावीर चौक, मानव मंदिर चौक, देशमुख होटल और शहर के अन्य स्थानों में अलाव की व्यवस्था की। महापौर ने कहा कि शहर में कड़ाके की ठंड पड़ रही है, ऐसे में लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कंबल और अलाव से बेघर मजदूरों और शहरवासियों को ठंड से राहत मिलेगी। बीती रात उन्होंने और वहीं नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी और उनकी टीम ने राजनांदगांव नगर निगम का निरीक्षण किया।

और गरीबों और मजदूरों कंबल बांट कर और अलाव जलाकर लोगों को इसके लिए प्रेरित किया।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित भवन क्रमांक एलआईजी-448, श्रीमती सेजा बाई निषाद पति श्री बिसाहू राम निषाद के नाम से आबंटित थी, उक्त आबंटी द्वारा पूर्ण राशि जमा कर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3918 दिनांक 06.08.2010 को विक्रय अनुमति प्राप्त कर श्री संजय अल्फ्रेड पिता श्री एम. अल्फ्रेड के नाम से विक्रय विलेख दिनांक 22.02.2011 पंजीकृत कराने उपरांत भवन का पूर्ण राशि जमा कर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 74 दिनांक 19.05.2011 को नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्री संजय अल्फ्रेड पित श्री एम. अल्फ्रेड निवासी-फ्रेन्डस नगर, मोवा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को 1. श्रीमती माया ताण्डेकर पति श्री बाडू ताण्डेकर एवं 2. सुश्री किरण ताण्डेकर पिता श्री बाडू ताण्डेकर दोनों निवासी-एलआईजी-447 से. 03 छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की गई है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

फलेंसी मद से हुआ सोया चिक्की का वितरण

भाटापारा/नवप्रदेश। संकुल केन्द्र बिजराडीह अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला बिजराडीह में गुरुवार को कक्षा 1ली से 8वीं तक के बालक बालिकाओं को मध्यान्ह भोजन योजना के फलेंसी मद अंतर्गत माह दिसम्बर 2021 का सोया चिक्की का वितरण टेकसिंह ध्रुव शिक्षाविद, कृष्ण कुमार ध्रुव अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, उपाध्यक्ष परसराम यदु, घनश्याम यदु अध्यक्ष प्राथमिक शाला प्रबंधन समिति, गोविंद बंजारे, उप सरपंच ग्रामपंचायत बिजराडीह रमेश कुर्रे पालक सदस्य द्वारा सोया चिक्की पूरक पोषण आहार का वितरण किया गया।

टीकाकरण के लिए महाभियान 27 को

देवभोग/नवप्रदेश। कोरोना के नए वैरिएंट ओमिक्रान को देखते हुए गरियाबंद जिला प्रशासन ने छूटे हुए लोगों को कोराना टीकाकरण करने के लिए कमर कस लिया है। एसडीएम टीआर देवांगन पे कमान संभालते हुए विभागीय प्रमुख और ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक लेकर आगामी 27 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली टीकाकरण महाअभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। देवभोग ब्लॉक के 16 हजार लोगों ने वैक्सीन का पहला डोज नहीं लिया है तो वहीं 13 हजार से अधिक लोगों ने दूसरा डोज अब तक लगाया है। जिनके लिए आगामी 27 और 28 दिसंबर को टीकाकरण महाअभियान कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए 80 जगहों पर वैक्सीन सेंटर बनाया गया है। एसडीएम ने बताया कि टीकाकरण महा अभियान जागरूकता के लिए पटवारी पंचायत सचिव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित पंचायत एवं जनप्रतिनिधि से जागरूकता अभियान के लिए सहयोग मांगा जा रहा है। इसके अलावा हर गांव में मुनादी एवं छोटे-छोटे पोस्टर रैली के साथ महाअभियान टीकाकरण के लिए घर-घर प्रचार प्रसार होगा। ताकि बचत लोग शत-प्रतिशत कोरोना का टीका लगा ले। और इसके लिए लगातार बैठकों का दौर भी शुरू कर दिया है।

नपा अध्यक्ष ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल, साल और स्वेटर

गरियाबंद/नवप्रदेश। शीतलहर और कड़कड़ाती ठंड को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने निर्धन और जरूरतमंद लोगों के लिए नई मुहिम (अनुकरणीय पहल) की शुरुआत की है। पालिका अध्यक्ष द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में निवासरत निर्धन और जरूरतमंद असहाय लोगों एवं स्कूली बच्चों को ठंड से बचने के लिए निशुल्क कंबल, साल और स्वेटर का वितरण किया जा रहा। ताकि अत्यधिक ठंड से ये वर्ग अपने आप को सुरक्षित रखे सके। गुरुवार को नपा अध्यक्ष ने नगर के किसान पारा प्राइमरी स्कूल के 50 बच्चों को निशुल्क स्वेटर का वितरण किया। इसके अलावा नगर पालिका कार्यालय में भी आए जरूरतमंद लोगों को भी उनके द्वारा निशुल्क कंबल और साल का वितरण किया गया। इसके बाद देर शाम उन्होंने नगर में संचालित विद्यानिधि बहूदिव्यांग विशेष आवासीय विद्यालय के दिव्यांग एवं मूक-बधिर बच्चों को भी स्वेटर का वितरण किया। इस दौरान नपा अध्यक्ष ने अपने हाथों से ही बच्चों को स्वेटर पहनाया और सभी से ठंड से बचने गर्म कपड़े पहनने की अपील की।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा गुढ़ियारी रायपुर में निर्मित जनता भवन योजना में से भवन क्र. जनता-466 का भाग फ्लैट नं. 2 में श्री दीनदयाल साहू पिता श्री सालिकराम साहू को भाड़ाक्रय/पूर्ण मूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 9.2.09 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 15.11.21 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्रीमती नईमा बानो पति श्री मोहम्मद सिकंदर अंसारी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पंचायत सहसपुर लोहारा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
Phone 07741-208002 Email: cmoslohara@rediffmail.com
क्रमांक/1868/लो.नि.वि./न.पं./2021-22 सहसपुर लोहारा, दिनांक 24.12.2021

-:: मैनुअल तृतीय निविदा आमंत्रण सूचना ::-

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा क्षेत्रातर्गत कोरोना वायरस (कोविड-19) के संभावित तीसरी लहर के रोकथाम हेतु आवश्यक सामग्री व उपकरण क्रय करने हेतु निर्माता/ अधिकृत विक्रेताओं से निविदा प्रपत्र ए.बी.सी. में इच्छुक व्यक्तियों/ फर्मों से सीलबंद लिफाफे से स्पीड पोस्ट/ रजिस्टर्ड डाक के द्वारा त्रि-लिफाफा पद्धति द्वारा सामाग्री दर पर वार्षिक निविदा आमंत्रित किया जाता है :-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 28.12.2021, 5:00 बजे तक
2. निविदा प्रपत्र प्रदाय किए जाने की अंतिम तिथि - 31.12.2021, 5:00 बजे तक
3. निविदा प्रस्तुत किए जाने की अंतिम तिथि - 07.01.2022, 3:00 बजे तक
4. प्राप्त निविदा खोलने की अंतिम तिथि - 07.01.2022, 4:00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समयावधि	ठेकेदार/फर्म की श्रेणी
1	कोरोना वायरस (कोविड-19) से सुरक्षा एवं रोकथाम हेतु आवश्यक सामग्री व उपकरण	10.00	30000.00	750.00	10 दिवस	सक्षम श्रेणी

नोट :- अन्य विस्तृत जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन समयावधि एवं नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in/ से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत, सहसपुर लोहारा

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho no. 0771-2535780, 90, Fax 077172227395 E-mail-dc_rmc@rediffmail.com
क्रमांक /1712/भ.नि.अ.प्र./न.पा.नि./2021 रायपुर, दिनांक 24/12/2021

// आम-सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा पति स्व. श्री गोविंद शर्मा, दीपक हाउस, जलगृह मार्ग टिकरापारा, रायपुर (छ.ग.) को ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 113/44, स्थित भूमि खसरा क्र. 200/1 कुल रकबा 3.6341 हेक्टेयर में से 33924.98 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय कालोनी में विकास कार्य प्रारंभ करने हेतु कालोनी विकास अनुमति जारी की जा रही है। उक्त कालोनी में आंतरिक विकास कार्य पूर्ण करने के एवज में निम्नानुसार बंधक रखे गए भूखण्डों व समाज के निम्न आय वर्गों हेतु आरक्षित भूखण्डों का भी विवरण आम लोगों की जानकारी हेतु दी जा रही है। जो निम्नानुसार है -

(क) बंधक भूखण्डों का विवरण :-

क्र.	भूखण्ड क्र.	संख्या	रकबा प्रति भूखण्ड	रकबा कुल भूखण्ड
1.	भूखण्ड क्र. 140	01	51.08 Sqm.	51.08 Sqm.
2.	भूखण्ड क्र. 141 से 145 तक	05	59.48 Sqm.	297.4 Sqm.
3.	भूखण्ड क्र. 146 से 147 तक	02	71.31 Sqm.	142.62 Sqm.
4.	भूखण्ड क्र. 148 से 152 तक	05	59.48 Sqm.	297.4 Sqm.
5.	भूखण्ड क्र. 153	01	45.73 Sqm.	45.73 Sqm.
6.	भूखण्ड क्र. 117	01	75.64 Sqm.	75.64 Sqm.
7.	भूखण्ड क्र. 118	01	78.26 Sqm.	78.26 Sqm.
8.	भूखण्ड क्र. 119	01	81.01 Sqm.	81.01 Sqm.
9.	भूखण्ड क्र. 120	01	83.55 Sqm.	83.55 Sqm.
10.	भूखण्ड क्र. 121	01	85.91 Sqm.	85.91 Sqm.
11.	भूखण्ड क्र. 124 से 126 तक	03	59.48 Sqm.	178.44 Sqm.
	योग	**22**		**1417** Sqm.

(ख) एल.आई.जी. भूखण्डों का विवरण :-

क्र.	भूखण्ड क्र.	संख्या भूखण्ड	रकबा प्रति	रकबा कुल भूखण्ड
1.	भूखण्ड क्र. 93 से 99 तक	07	90.31 Sqm.	632.17 Sqm.
2.	भूखण्ड क्र. 102 से 109 तक	08	90.31 Sqm.	722.48 Sqm.
	योग	**15**		**1354.69 Sqm.**

उपरोक्तानुसार बंधक भूखण्डों को क्रय करने के पूर्व नगर निगम रायपुर द्वारा बंधक मुक्त किया गया है अथवा नहीं, इसके संबंध में कालोनाईजर से बंधक मुक्त प्रमाण पत्र प्राप्त करें तथा बंधक मुक्त नहीं होने की स्थिति में बंधक भूखण्डों को क्रय न किया जावें।

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, रायपुर

सांसद विजय बघेल ने किया दुर्ग कलेक्टर का घेराव, लगाया मतगणना में हेरा-फेरी का आरोप

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई नगर निगम के लिए हुई मतगणना में भाजपा ने हेराफेरी का आरोप लगाया है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने आरोप लगाते हुए शुक्रवार को दुर्ग कलेक्टर का घेराव किया। करीब 3 घंटे से सांसद कलेक्टर चेम्बर में ही बैठे हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती तब तक यहीं डटे रहेंगे।

दरअसल, गुरुवार को भिलाई नगर निगम के लिए हुए मतगणना में वार्ड नंबर 6 से ललिता और वार्ड14 से उपासना जो कि भाजपा प्रत्याशी थे उन्होंने रिकाउंटिंग की मांग को लेकर रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन दिया था, जिसे खारिज कर दिया गया। भाजपा का आरोप है कि कांग्रेस पार्षद ने जब रिकाउंटिंग के लिए आवेदन लगाया तो उसे स्वीकार करते हुए रिकाउंटिंग किया गया। यही कारण है कि भाजपा प्रत्याशी उपासना महज 1 वोट से हार गई हैं।

उन्ही मुद्दों को लेकर शुक्रवार को सुबह 11 बजे दुर्ग सांसद विजय बघेल भाजपा के दोनों प्रत्याशी ललिता और उपासना सहित अन्य कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और दुर्ग कलेक्टर सर्वेश्वर भूरे को जांच के लिए आवेदन दिया। सांसद ने कलेक्टर से मतगणना में में हेराफेरी होने की जानकारी देते हुए इस पर निष्पक्ष जाँच सहित रिकाउंटिंग करने की बात कही। लेकिन जब कलेक्टर के द्वारा बात नहीं मानी गई तो तो सांसद विजय बघेल अपने कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्टर कक्ष में ही बैठ गए। बघेल ने कलेक्टर से कहा कि मांग पूरी नहीं होने तक वे यहीं बैठे रहेंगे।

सुबह से लेकर दोपहर 2 बजे तक सांसद बघेल कलेक्टर के सामने बैठे रहे। जब भोजन अवकाश हुआ तो कलेक्टर उठ कर कक्ष से निकल गए। जिसके बाद सांसद बघेल कलेक्टर चेंबर के सामने ही अपने कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर बैठ कर प्रदर्शन करने लगे। सांसद बघेल ने साफ तौर पर कहा कि जब तक दोनों पार्षद वार्ड नंबर 6 और वार्ड नंबर 14 के भाजपा प्रत्याशियों को न्याय नहीं मिलेगा तब तब तक वो धरने से नहीं हटेंगे। उन्होंने इस मामले में आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता का दुरुपयोग करते हुए गलत मतगणना की। साथ ही भाजपा प्रत्याशियों के रिकाउंटिंग के आवेदन को अस्वीकार कर दिया। जबकि इन दोनों ही वार्ड में कांग्रेस ने छल से अपनी जीत हासिल की है।

उल्लेखनीय है कि भिलाई नगर निगम में 70 वार्ड हैं,जिनमे कांग्रेस की स्थिति मजबूत है। कांग्रेस के 37 पार्षद चुनकर आये हैं वहीं भाजपा के 21 पार्षद निर्वाचित हुए और 12 निर्दलीय पार्षद हैं। ऐसे में भिलाई में महापौर कांग्रेस का बनना तय है।

मानवता शर्मसार! अलाव व गर्म कपड़ा का इंतजाम नहीं

देवभोग/नवप्रदेश। प्रदेश में चल रही शीतलहर को देखते हुए सीएम भूपेश बघेल ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को जरूरतमंदों व गरीब लोगों को गर्म कपड़े वितरण करने के साथ ही चौक-चौराहों में अलाव जलाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जिस पर कलेक्टर ने भी बीते बुधवार दोपहर को दिशा निर्देश जारी कर दिया। लेकिन इस निर्देश का पालन देवभोग में नहीं हो रहा। गर्म कपड़े तो दूर की बात है जिम्मेदारों ने अलाव तक की व्यवस्था नहीं की है। इससे दूर दराज से आए लोग इधर-उधर से प्लास्टिक, लकड़ी, पेपर का इंतजाम कर ठंड से बचने के लिए किसी तरह आग जलाने की व्यवस्था करते हुए नजर आ रहे। नवप्रदेश की टीम स्थानीय प्रशासन द्वारा कलेक्टर के आदेश के परिपालन का जायजा लेने रात्रि में निकली। सबसे पहले नवप्रदेश की टीम शासकीय अस्पताल पहुंची। यहां दहिगांव से दुर्घटना का मामला आया था। दुर्घटना का शिकार व्यक्ति के साथ करीब 7 महिला पुरुष आए थे। जो ठंड से कपकपाते किसी तरह घंटों रूक कर वापस लौट गए। क्योंकि अस्पताल परिसर में ना गर्म कपड़ा का इंतजाम था और ना अलावा की व्यवस्था थी। इसी तरह बस स्टैंड पर कोई इंतजाम नहीं था जिसके चलते रायपुर से आए युवक ने एसडीएम निवास के बाहर किसी तरह कचरा और पेपर इकट्ठा कर आग जलाने की व्यवस्था खुद से की। इसी तरह नगर के अन्य जगहों में देखने को मिला।

प्रदेश में एरी सिल्क के उत्पादन से किसानों की आय में वृद्धि के साथ ही जीवन स्तर में होगा सुधार : सीएम

मुख्यमंत्री बघेल से केन्द्रीय सिल्क बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने की सौजन्य मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में केन्द्रीय सिल्क बोर्ड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजित रंजन ओखण्डियार और वन्या सिल्क मिल प्राईवेट लिमिटेड के संचालक डीएस कसारे ने सौजन्य मुलाकात की।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी रंजन ने मुख्यमंत्री को बताया कि छत्तीगसढ़ राज्य में एरी सिल्क के उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं, जिसे व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एरी सिल्क अरंडी के पौधे से प्राप्त होता है और इसकी राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय बाजार में अत्यधिक मांग है । उन्होंने मुख्यमंत्री बघेल को बताया कि प्रदेश में मलबरी एवँ टसर सिल्क से सम्बंधित उद्योग पहले से स्थापित हैं, ऐसे में यदि एरी कोकून की खेती और उत्पादन को बढ़ावा दिया जाए तो यहाँ किसानों के आय में वृद्धि होगी और किसान आत्मनिर्भर होंगे । उन्होंने बताया कि देश में स्थापित एरी सिल्क उद्योग सिल्क उत्पादन के लिए पूर्णतः एरी कोकून के आयात पर निर्भर थे परन्तु अब केन्द्रीय सिल्क बोर्ड द्वारा छत्तीसगढ़ में एरी कोकून की खेती की अनुमति मिल जाने से अब यह निर्भरता समाप्त होगी ।

इस अवसर पर कसारे ने बताया कि उन्होंने केन्द्रीय सिल्क बोर्ड के सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में 10 हजार एकड़ क्षेत्र में एरी कोकून की खेती के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया है । यह केंद्रीय सिल्क बोर्ड के सहयोग से छत्तीसगढ़ सरकार और कसारे वन्या सिल्क मिल का संयुक्त उपक्रम होगा । इस योजना से 10 हजार लोग प्रत्यक्ष रूप से तथा लगभग 50 हजार लोग अप्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस परियोजना के लिए आवश्यक सहयोग तथा शासन की नवीन योजनाओं में भी स्थान दिया जाएगा । निश्चित ही इस योजना से किसानों, आदिवासियों, युवाओं तथा महिलाओं को रोजगार के नए साधन मिलेंगे । जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ ही जीवन स्तर में भी सुधार होगा ।

पॉवर प्लांट की जनसुनवाई के विरोध में ग्रामीण हुए लामबंद

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सरदा में प्रदूषण युक्त प्लांट स्थापना का किसान लगातार विरोध कर रहे हैं। गौरतलब हो कि प्लांट की स्थापना को लेकर प्रशासन की ओर से 27 दिसम्बर को जन सुनवाई रखी गई हैं, जबकि पूर्व में किसानों के विरोध को देखते हुए 8 सितम्बर को बुलाई गई जन सुनवाई को स्थगित कर दिया गया था। अब दोबारा जन सुनवाई बुलाए जाने से क्षेत्र के किसानों में खासी नाराजगी हैं। इस सम्बंध में किसान नेता योगेश तिवारी ने कहा कि 27 दिसम्बर को स्थगित किया जाए अन्यथा किसान उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम सरदा समेत आस-पास के गांव के किसान जनसुनवाई का विरोध कर रहे हैं। 8 सितंबर को ग्राम सरदा में होने वाली जनसुनवाई को कोविड के कारण स्थगित करना बताया गया था। किसान नेता ने बताया कि क्षेत्र में प्रदूषण युक्त प्लांट की स्थापना ना की जाए इसके लिए कलेक्टर को कई बार ज्ञापन सौंपा गया हैं। बावजूद प्रशासन अड़ियल रुख अपनाए हुए हैं, जो किसानों के प्रति शासन प्रशासन की संवेदनहीनता को दिखाता हैं।

दर्जन भर गांव के किसान होंगे प्रभावित

किसान नेता ने बताया कि बेमेतरा विधानसभा कृषि प्रधान क्षेत्र हैं। बेमतरा जिला बनने के बाद से यहां के किसानों की ओर से लगातार प्रदूषण मुक्त फू ड प्रोसेसिंग प्लांट लगाने की मांग की जाती रही। यह प्लांट लगाना तो दूर इसके विपरीत प्रदूषण युक्त प्लांट स्थापना की तैयारी की जा रही हैं। प्लांट स्थापना से सरदा, लेंजवारा, जामगांव, देवरी, पाहन्दा, बावनलाख, भिलौरी, आन्दू समेत दर्जन भर गांव के किसान प्रभावित होंगे। इसलिए इन गांवों के किसानों के साथ जनसुनवाई के विरोध के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

राजधानी में जिंदा जला युवक, दुर्घटना या आत्महत्या पुलिस कर रही है जांच

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के टिकरापारा इलाके में देर रात एक हादसे में युवक की जान चली गई। घर में आग लगने से युवक वहीं जिंदा जल गया। जब तक रेस्क्यू टीम पहुंचती उसकी मौत हो चुकी थी। ये घटना संजय नगर के मदीना चौक की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

टीकरापारा थाने के पुलिस की जांच में हादसे और खुदकुशी दोनों तरह की बातें सामने आ रही हैं। हालांकि अब तक किसी नतीजे पर पुलिस नहीं पहुंची है। जिस युवक की मौत हुई उसका नाम विरेंद्र पटेरिया है है। बताया गया है कि विरेंद्र अकेले ही मदीना चौक के पास एक छोटे से मकान में रहता था। घर में और कोई सदस्य नहीं रहता था। जांच टीम ने मौके का मुआयना किया तो पाया कि खाना पकाते वक्त युवक झुलस गया होगा।

पिता से पूछताछ करेगी पुलिस

पुलिस को पता चला है कि रायपुर में ही युवक का पिता राजकुमार अलग रहता है। उसे थाने पूछताछ के लिए बुलाया गया है। पता चला है कि युवक की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। वो बीमार रहता था। ऐसे में शक जाहिर किया जा रहा है कि खुद ही उसने आग लगाई होगी। घर में पूरा सामान जल चुका था, लपटें रात के वक्त मकान के बाहर दिखने लगीं तो स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड को जानकारी दी। रात के करीब 12 बजे आग बुझाने का काम किया गया। टीम अंदर पहुंची तो यहां जल चुके युवक की लाश मिली थी।

छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ ने परिवहन मंत्री से मुलाकात कर दिक्कतों से कराया अवगत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कोरोना कॉल के बाद से आर्थिक संकट से जुझ रहे छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के पदाधिकारियों ने 22 दिसंबर को अपनी मांगों को लेकर यातायात महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अनर अली के नेतृत्व में परिवहन मंत्री मो. अकबर से मुलाकात कर बसों के संचालन में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री श्री अकबर ने मौके पर ही अधिकारियों से फोन पर बात कर संघ की मांगों से अवगत कराया और उसे मांगे तत्काल पूरी हो सके, उन मांगों का पूरा कराया।

पुल के नीचे मिली दो युवकों की लाश, सड़क दुर्घटना की आशंका

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के इंदगांव थाना इलाके में दो बाइक सवार युवकों की लाश मिली है। युवकों की मौत सड़क दुर्घटना बताई जा रही है। दोनों युवक की लाश बाकड़ी नाला पुल के पास मिली है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार इंदागांव बुड्गेलटप्पा के बीच बाकड़ी नाला पुल के नीचे दो युवकों के शव मिला। नजदीक में एक बाइक भी पड़ी हुई मिली है। दोनों युवक कालीमाटी के निवासी बताए गए। चरवाहों की नजर जैसे ही उन पर पड़ी तो उन्होंने इसकी जानकारी स्थानीय लोगों के माध्यम से इंदागांव पुलिस को दी। इंदागांव थाना प्रभारी रामाधार मरकाम ने बाइक सवार दोनों युवक के अनियंत्रित होकर पुल से नीचे गिरने और मौत होने की आशंका जाहिर की है। उन्होंने घटना रात के होने की संभावना व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि लाश पुल के 30 से 40 फीट नीचे मिली है। दोनों की शिनाख्त पुलिस ने 30 वर्षीय परमेश्वर और 32 वर्षीय रूपसिंह के रूप में की है। दोनों युवक कालीमाटी के निवासी है। बता दें कि दो दिन पूर्व बुधवार को खोखमा पुल के नीचे भी एक शव बरामद हुआ था। पुलिस दोनों मामलों में सभी एंगल से जांच कर रही है।

बालको मेडिकल सेंटर ने किया कैंसर से जूझ रहे बच्चों के लिए क्रिसमस पार्टी का आयोजन

नया रायपुर। बालको मेडिकल सेंटर ने कैंसर से पीड़ित बच्चों के लिए क्रिसमस पार्टी स्माइल 2021 का आयोजन किया। कार्यक्रम का आयोजन आरण्यम रेस्टोरेंट एंड कैफ़े, नया रायपुर में हुआ। बालको मेडिकल सेंटर की नर्सिंग टीम एवं स्टाफ के बच्चों द्वारा डांस परफ ॉर्मेंस, मनोरंजक खेल और गिफ्ट डिस्ट्रीब्यूशन जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कैंसर से जूझ रहे 35 से अधिक बच्चों ने अपने माता-पिता के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए कडल्स फ ाउंडेशन, गेटवेल ऑन्कोलॉजी, एवं शौर्य कंस्यूमर सर्विसेज ने अपना सहयोग दिया।

पिछले साल बीएमसी ने कैंसर से पीड़ित बच्चों के माता-पिता के लिए एक सहायता समूह, इन्द्रधनुष का गठन किया जिसका उद्देश्य कैंसर के कारण बच्चों में उत्पन्न होने वाले किसी भी स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, शारीरिक या मानसिक समस्याओं का समाधान करना था। यह कार्यक्रम बीएमसी के इन्द्रधनुष समूह द्वारा आयोजित किया गया।

बालको मेडिकल सेंटर के सलाहकार हेमाटोलॉजिस्ट और हेमाटो-ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ दिब्येंदु डे ने कहा, ल्यूकेमियास, जो अस्थिमज्जा के कैंसर हैं, बचपन के सबसे सामान्य कैंसर हैं। बच्चों मे सबसे आम प्रकार एक्यूट लिम्फोसाइटिक ल्यूकेमिया (एएलएल) और एक्यूट मायलोइड ल्यूकेमिया (एएमएल) हैं। रक्त कैंसर के उपचार में हाल ही में हुई उन्नति के द्वारा 60-90 त्न बच्चे पूरी तरह से ठीक हो जाते है, लेकिन उन्हें कीमोथेरेपी द्वारा शीघ्र उपचार की आवश्यकता होती है। इसी वर्ष हमने बालको मेडिकल सेंटर में बोनमेरो ट्रांसप्लांट भी शुरू कर दिया है, जिससे कैंसर मरीज लाभान्वित हो रहे है। स्माइल 2021 के माध्यम से, हम उनके चेहरे पर एक मुस्कान लाने के द्वारा उनकी नीरसता, योद्धा भावना का जश्न मनाने और उन्हे प्रेरित करना चाहते हैं।